https://www.instagram.com/sachbedhadakd https://www.youtube.com/@SachBedhadakD https://x.com/SachBedhadakD https://www.facebook.com/SachBedhadakD

FIRST INDIA

दैनिक हिन्दी अख़बार
फर्स्ट एक्सप्रेस पब्लिशर्स द्वारा प्रकाशित

# सच बेधड़क

Scan to Subscribe

वर्ष: 4 I अंक: 245 | जयपुर, गुरुवार, 14 अगस्त, 2025 I भाद्रपद, कृष्ण पक्ष-षष्ठी, विसं 2082 | पृष्ठ: 10 I मूल्य: 3.00



आवाज बेधड़क @ पेज 6

## दौसा में श्रद्धालुओं से भरी पिकअप खड़े कंटेनर में घुसी

# खाटूश्यामजी दर्शन कर लौट रहे 11 श्रद्धालुओं की मौत

बेधड़क | जयपुर

दौसा में बुधवार तड़के हुए एक भीषण सड़क हादसे में खाटूश्यामजी से घर लौट रहे 11 श्रद्धालुओं की मौत हो गई। हादसा नेशनल हाईवे-148 पर मनोहरपुर के पास, सैंथल थाना इलाके के बापी गांव में हुआ। खाटू श्याम मंदिर से दर्शन कर उत्तर प्रदेश के एटा लौट रहे श्रद्धालुओं से भरी एक पिकअप वैन ने सर्विस लेन पर खड़े कंटेनर में टक्कर मार दी। हादसे में सात बच्चों और चार महिलाओं समेत 11 लोगों की मौत हुई, जबकि 14 अन्य घायल हो गए। मृतकों में पूर्वी (6), लक्ष्य (6), वैष्णवी (7), महक (7), सलोनी (9), मिष्ठी (1), बाबू (3), प्रियंका (25), शीलादेवी (28), सीमा (25) और सोनम (32) शामिल हैं। पुलिस के अनुसार, पिकअप में 25 से अधिक लोग सवार थे, जिनमें कई लकड़ी के फट्टों पर बैठे थे।

## मृतकों में 7 बच्चे... चार महिलाएं

### 10 से ज्यादा घायल, सभी यूपी के रहने वाले



भीषण टक्कर और चीख-पुकार

हादसा सुबह करीब 3:30 से 4:00 बजे के बीच हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टक्कर इतनी तेज थी कि बम फटने जैसा धमाका हुआ। हर तरफ खून फैला था और घायल एक-दूसरे पर पड़े थे। हादसे के बाद 10 घायलों को एसएमएस अस्पताल, जयपुर लाया गया। ट्रॉमा सेंटर इंचार्ज डॉ. अनुराग धाकड़ ने बताया कि इनमें से सीमा नामक महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि उनके पति मनोज की हालत गंभीर है और वे वेंटिलेटर पर हैं। तीन गंभीर रूप से घायल बच्चियों को न्यूरोसर्जरी वार्ड में भर्ती किया गया है, जबकि पांच घायलों को ऑब्जर्वेशन में रखा गया है। प्रारंभिक जांच में ओवरस्पीड और ड्राइवर को झपकी आना हादसे का कारण माना जा रहा है।

### यूपी के असरौली गांव में मातम...

हादसे ने एटा जिले के असरौली गांव में मातम फैला दिया। मृतक चार परिवारों के थे, जिनमें अब केवल पुरुष सदस्य ही बचे हैं। हादसे की सूचना मिलते ही परिजन दौसा और जयपुर के एसएमएस अस्पताल पहुंचे। एटा के जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह ने शोक संतप्त परिवारों से मुलाकात की।

## जरूरी खबर

### युद्ध न रोका तो पुतिन को भुगतने होंगे गंभीर परिणाम



**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चेतावनी दी है कि यदि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन अलास्का में शुक्रवार को होने वाली वार्ता में युद्ध रोकने पर सहमत नहीं हुए, तो उन्हें 'बहुत गंभीर परिणाम' भुगतने पड़ेंगे। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने बताया कि ट्रंप ने यूरोपीय नेताओं के साथ ऑनलाइन बैठक में स्पष्ट किया कि अमेरिका शिखर सम्मेलन में संघर्ष विराम समझौता चाहता है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि पुतिन बैठक से पहले 'गुमराह' कर रहे हैं और मोर्चों पर दबाव बढ़ा रहे हैं।

## 11 अगस्त के फैसले के बाद देशभर में उठा विरोध

# आवारा कुत्तों पर सुप्रीम कोर्ट की नई पीठ आज करेगी सुनवाई



बेधड़क | नई दिल्ली

दिल्ली-एनसीआर में आवारा कुत्तों को लेकर उच्चतम न्यायालय के हालिया आदेश पर देशभर में हुए विरोध के बीच, अब तीन न्यायाधीशों की नई पीठ 14 अगस्त को स्वतः संज्ञान मामले की सुनवाई करेगी। यह पीठ न्यायाधीश विक्रम नाथ, न्यायाधीश संदीप मेहता और न्यायाधीश एन.वी. अंजारिया की होगी। 11 अगस्त को न्यायाधीश जे.बी. पारदीवाला और न्यायाधीश आर. महादेवन की पीठ ने दिल्ली-एनसीआर के सभी आवारा कुत्तों को जल्द से जल्द आश्रय स्थलों में स्थायी रूप से स्थानांतरित करने का निर्देश दिया था, यह कहते हुए कि कुत्तों के काटने की घटनाओं ने गंभीर स्थिति पैदा कर दी है। अदालत ने दिल्ली प्रशासन को छह से आठ सप्ताह में करीब 5,000 कुत्तों के लिए आश्रय स्थल बनाने की प्रक्रिया शुरू करने के आदेश भी दिए थे।

### मामले में दोबारा विचार करेंगे: गवई

इस बीच, कुछ याचिकाकर्ताओं ने इस फैसले का हवाला देते हुए प्रधान न्यायाधीश बी.आर. गवई के समक्ष अपनी याचिका का उल्लेख किया, जिसके बाद उन्होंने नई सुनवाई का संकेत दिया और कहा कि आवारा कुत्तों के मामले में दोबारा विचार करेंगे। याचिकाओं में दावा किया गया है कि पशु जन्म नियंत्रण (कुत्ते) नियम, 2001 के तहत अनिवार्य नसबंदी और टीकाकरण कार्यक्रम का सही अनुपालन नहीं हो रहा है, जिससे आवारा कुत्तों की आबादी लगातार बढ़ रही है। अदालत ने चेतावनी दी है कि पुनर्वास अभियान में बाधा डालने पर किसी व्यक्ति या संगठन के खिलाफ अवमानना कार्यवाही की जा सकती है।

### SC/ST आरक्षण में 'क्रीमी लेयर' लागू करने की याचिका स्वीकार

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को SC/ST आरक्षण में 'क्रीमी लेयर' लागू करने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई का निर्णय लिया। याचिकाकर्ता रामाशंकर प्रजापति का कहना है कि आरक्षण का लाभ ज्यादातर अमीर और सशक्त वर्ग को मिल रहा है, जबकि आर्थिक रूप से कमजोर लोग पीछे रह जाते हैं। उन्होंने सुझाव दिया कि पहले कमजोर वर्ग को प्राथमिकता दी जाए। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने केंद्र को नोटिस जारी कर 10 अक्टूबर को अगली सुनवाई तय की। प्रजापति ने 2024 के देविंदर सिंह केस का हवाला देते हुए कहा कि SC/ST में भी अमीर वर्ग को आरक्षण से बाहर किया जा सकता है।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
अख़बार की प्रति प्राप्त करने के लिए
+91 95711 98777
पर सम्पर्क कर अपना पता नोट करवाएं।

## अगले महीने संयुक्त राष्ट्र महासभा के सत्र को संबोधित करेंगे मोदी



बेधड़क | नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी सितंबर में संयुक्त राष्ट्र महासभा के 80वें वार्षिक उच्च-स्तरीय सत्र को संबोधित कर सकते हैं। संयुक्त राष्ट्र की वक्ताओं की सूची के अनुसार, पीएम मोदी 26 सितंबर की सुबह आम बहस में बोलेंगे। महासभा का 80वां सत्र 9 सितंबर से शुरू होगा और उच्च-स्तरीय बहस 23 से 29 सितंबर तक चलेगी। परंपरा के अनुसार ब्राजील पहला वक्ता होगा, जिसके बाद अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप 23 सितंबर को संबोधन देंगे। 26 सितंबर को मोदी के साथ इजराइल, चीन, पाकिस्तान और बांग्लादेश के नेता भी संबोधित करेंगे। यह सत्र यूक्रेन संघर्ष के बीच आयोजित हो रहा है।

## उरी सेक्टर में घुसपैठ विफल, एक जवान शहीद

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के उरी सेक्टर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर बुधवार को सेना ने घुसपैठ की कोशिश नाकाम कर दी। अधिकारियों के अनुसार, उत्तरी कश्मीर के बारामूला जिले के चुरुंडा इलाके में मुठभेड़ के दौरान एक जवान शहीद हो गया। सेना ने घुसपैठियों को रोकते हुए क्षेत्र में सर्च ऑपरेशन शुरू किया है।

## जोधपुर में कल होगा राज्य स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह

# CM ने सीएमआर पर सपत्नीक राष्ट्रीय ध्वज फहराया

बेधड़क | जयपुर

'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार को मुख्यमंत्री निवास पर सपत्नीक राष्ट्रीय ध्वज फहराया और प्रदेशवासियों से घरों व कार्यस्थलों पर तिरंगा फहराने की अपील की।

पीएम नरेंद्र मोदी के आह्वान पर 13 से 15 अगस्त तक यह अभियान देशभर में चलाया जा रहा है। सीएम गुरुवार को बीकानेर और जोधपुर के दो दिवसीय दौरे पर रहेंगे। गुरुवार सुबह 10:50 बजे बीकानेर के नाल हवाई अड्डे पहुंचकर हेलिकॉप्टर से खाजूवाला की कोड़ेवाला पोस्ट जाएंगे, जहां बीएसएफ जवानों से संवाद करेंगे। दोपहर 1:20 बजे नाल गांव में तिरंगा यात्रा में शामिल होंगे और महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय में भारत-पाक विभाजन पर अपने विचार साझा करेंगे। अपराह्न 3:15 बजे जोधपुर पहुंचकर गांधी मैदान से जालोरी गेट तक तिरंगा यात्रा में भाग लेंगे। शाम को मेहरानगढ़ किले में 'एट होम' और सम्राट अशोक उद्यान में सांस्कृतिक कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। 15 अगस्त को सुबह 8:55 बजे शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित करेंगे और 9:05 बजे बरकतुल्ला स्टेडियम में राज्य स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में ध्वजारोहण, परेड की सलामी और जनता को संबोधित करेंगे।



भारत 24 बना हर भारतीय की आवाज

# नई सोच, नया जोश... तीन साल की सफलता का जश्न

भारत 24 Vision of New India

संदीप मिश्रा | बेधड़क

**नई दिल्ली/जयपुर।** भारत 24 अपने शानदार तीन साल पूरे होने का जश्न मना रहा है। यह अवसर न केवल चैनल की उपलब्धियों का उत्सव है, बल्कि विकसित भारत के सपने को साकार करने की दिशा में नई सोच और जोश का प्रतीक भी है। 'खबर ही जीवन है' के मूलमंत्र के साथ शुरू हुआ भारत 24, भारत के हर कोने तक अपनी पहुंच बनाने में कामयाब रहा है। इस खास मौके पर भारत 24 के CEO और एडिटर-इन-चीफ डॉ. जगदीश चंद्र और सहयोगी चैनल फर्स्ट इंडिया न्यूज के CEO एवं मैनेजिंग एडिटर पवन अरोड़ा ने कार्यक्रम में शिरकत कर इस उत्सव को और यादगार बनाया। भारत 24 ने अपने तीन साल के सफर में न केवल तेज और विश्वसनीय खबरें दीं, बल्कि देश के विकास के लिए एक मजबूत मंच भी प्रदान किया। चैनल का विजन विकसित भारत के सपने को साकार करना है, जिसमें हर नागरिक की आवाज को महत्व दिया जाता है। चाहे वह ग्रामीण भारत की छोटी-सी कहानी हो या शहरी भारत की बड़ी उपलब्धियां, भारत 24 ने हर खबर को देश के कोने-कोने तक पहुंचाया है। 'जहां तक भारत, वहां तक भारत 24' इस नारे के साथ चैनल ने भारत के हर घर तक अपनी पहुंच बनाई। इस मौके पर फर्स्ट इंडिया न्यूज के CEO और मैनेजिंग एडिटर पवन अरोड़ा के नेतृत्व में पूरे चैनल की टीम ने इस उत्सव में हिस्सा लिया। जयपुर से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए जुड़कर उन्होंने भारत 24 की पूरी टीम को बधाई दी। पवन अरोड़ा ने कहा, यह उपलब्धि पूरी टीम की मेहनत और समर्पण का नतीजा है। हमारा कारवां यूं ही आगे बढ़ता रहेगा। कार्यक्रम में भारत 24 के CBO मनोज जग्यासी भी मौजूद रहे।

पेज 5 भी देखें




भारत 24

भारत24 के नोएडा कार्यालय में जश्न मनाते भारत 24 के सीईओ एंड एडिटर इन चीफ डॉ. जगदीश चंद्र का फर्स्ट इंडिया न्यूज कार्यालय जयपुर से फर्स्ट इंडिया न्यूज के सीईओ और मैनेजिंग एडिटर पवन अरोड़ा वर्चुअली स्वागत करते हुए। साथ में नोएडा कार्यालय से अनीता हाड़ा, मनोज जग्यासी, सैयद उमर, पूर्णिमा मिश्रा, संदीप मिश्रा, देवेंद्र पाठक, अदिति नागर, शान, अनु श्रीधर, प्रिया राज, प्रीति नेगी।

फर्स्ट इंडिया

पवन अरोड़ा और फर्स्ट इंडिया टीम के सदस्यों ने डॉ. जगदीश चंद्र और भारत 24 टीम को बधाई दी। साथ में जिनेंद्र सिंह शेखावत, राजेंद्र छाबड़ा, श्वेता मिश्रा अवस्थी, ललित गंगवानी, विशाल माथुर, शिशिर अवस्थी, आशीष अमन, याकूब खान, शांतनु वार्ष्णेय और अन्य।

संतोष शर्मा और सुनील शर्मा

भारत 24 के शानदार सफर के तीन साल पूरे हो गए हैं। नई सोच और नए जोश के साथ भारत 24 लगातार देश के हर घर तक अपनी पहुंच सुनिश्चित कर रहा है और आम जनता के हितों की आवाज को जोरदार तरीके से उठा रहा है। भारत 24 के तीन साल पूरे होने के मौके पर भारत 24 के CEO एवं एडिटर-इन-चीफ डॉ. जगदीश चंद्र ने देशवासियों का आभार जताया है और भारत 24 की पूरी टीम को बधाई दी है।



### भारत24 की तीसरी वर्षगांठ का जश्न...

डॉ. जगदीश चंद्र और पवन अरोड़ा भारत 24 और फर्स्ट इंडिया न्यूज टीमों के साथ, भारत 24 की तीसरी वर्षगांठ पर सफलता और खुशी का जश्न मनाते हुए। नोएडा कार्यालय से अनीता हाड़ा, मनोज जग्यासी, पूर्णिमा मिश्रा, अदिति नागर व अन्य। वहीं, फर्स्ट इंडिया न्यूज जयपुर कार्यालय से पवन अरोड़ा, जिनेंद्र सिंह शेखावत, श्वेता मिश्रा अवस्थी, नरेश शर्मा, महेश शर्मा, शिशिर अवस्थी, विमल कोठारी, विकास शर्मा, नवीन शर्मा, नंदिनी अग्रवाल, तृप्ति गौतम व फर्स्ट इंडिया परिवार।



## जरूरी खबर

### पूनियां का गडकरी को पत्र: NH-148 को चार लेन करें



**बेधड़क, जयपुर।** मनोहरपुर-दौसा मेगा हाईवे पर लगातार हो रहे सड़क हादसों को लेकर बुधवार को भाजपा के हरियाणा प्रभारी डॉ. सतीश पूनियां ने केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को पत्र लिखा है। पत्र में उन्होंने NH-148 (दौसा-मनोहरपुर) की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि यह राजमार्ग दो लेन का है। स्थानीय लोगों और जनप्रतिनिधियों द्वारा इसे चार लेन में बदलने और डिवाइडर निर्माण की मांग की जा रही है, ताकि सड़क हादसों को रोका जा सके।

### हाई कोर्ट ने की कटारा की जमानत याचिका खारिज

**बेधड़क, जयपुर।** हाई कोर्ट ने ग्रेड द्वितीय श्रेणी शिक्षक भर्ती-2022 पेपर लीक मामले में राजस्थान लोक सेवा आयोग के पूर्व सदस्य बाबूलाल कटारा की जमानत याचिका खारिज कर दी। जस्टिस प्रवीर भटनागर की एकलपीठ ने बुधवार को यह फैसला सुनाया। हालांकि, कटारा के भांजे विजय डामोर को सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिलने के आधार पर हाईकोर्ट ने जमानत दे दी। कटारा ने याचिका में लंबे समय से जेल में होने और सुनवाई में देरी का हवाला दिया था। वहीं, सरकार ने जमानत का विरोध करते हुए कहा कि कटारा ने संवैधानिक पद का दुरुपयोग कर पेपर लीक का षड्यंत्र रचा। एसओजी ने कटारा को अप्रैल 2023 में गिरफ्तार किया था।

### वेटरनरी कॉलेजों में प्रवेश सेंट्रलाइज काउंसलिंग से होंगे



**बेधड़क, जयपुर।** राजस्थान के सभी वेटरनरी कॉलेजों में अब प्रवेश सेंट्रलाइज काउंसलिंग के जरिए होंगे। इस बात की घोषणा पशुपालन, गोपालन, डेयरी एवं देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत ने बुधवार को की। कुमावत ने बताया कि प्रवेश प्रक्रिया में किसी भी तरह की गड़बड़ी नहीं होने दी जाएगी। इसके लिए नई एसओपी जारी की गई है। इस व्यवस्था को सही ढंग से लागू करने के लिए सात सदस्यीय कमेटी बनाई गई है, जिसकी अध्यक्षता डॉ. हेमंत दाधीच करेंगे। यह कमेटी राज्य के सभी सरकारी और निजी वेटरनरी कॉलेजों में बीवीएससी एंड एएच, एमवीएससी और पीएचडी पाठ्यक्रमों में प्रवेश की प्रक्रिया देखेगी। आरपीवीटी का परिणाम 25 अगस्त को घोषित किया जाएगा।

---

**हाई कोर्ट में पेश किए गए जवाब में दिया राष्ट्रीय शिक्षा नीति और लिंगदोह कमेटी की सिफारिशों का हवाला**

# प्रदेश सरकार ने छात्रसंघ चुनाव करवाने से किया इनकार

**बेधड़क** | जयपुर

राज्य सरकार ने प्रदेश में छात्रसंघ चुनाव करवाने से मना कर दिया है। हाई कोर्ट में पेश किए गए जवाब में सरकार ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) लागू करने का हवाला देते हुए चुनाव करवाना असंभव बताया है।

सरकार ने लिंगदोह कमेटी की सिफारिशों का उल्लेख करते हुए कहा कि सत्र शुरू होने के 8 सप्ताह के भीतर चुनाव कराए जाने चाहिए, लेकिन वर्तमान परिस्थितियों में यह संभव नहीं है। सरकार का तर्क है कि एनईपी के तहत शैक्षणिक सत्र की संरचना और गतिविधियों में व्यापक बदलाव हो रहे हैं, जिसके कारण चुनाव कराना व्यावहारिक और उचित नहीं है। चूंकि लिंगदोह कमेटी की ओर से दी गई समयसीमा निकल चुकी है, इसलिए इस साल चुनाव कराना संभव नहीं है। जवाब में 9 विश्वविद्यालयों के कुलगुरुओं की राय भी शामिल की गई है। कुलगुरुओं ने शैक्षणिक सत्र और कक्षाओं के कार्यक्रम का हवाला देते हुए चुनाव नहीं करवाने की सलाह दी है।




उनका मानना है कि चुनाव से शैक्षणिक गतिविधियों और विश्वविद्यालय के सामान्य कार्यों में व्यवधान पैदा हो सकता है। अधिकतर कुलगुरुओं ने वर्तमान शैक्षणिक और प्रशासनिक परिस्थितियों को देखते हुए इस समय चुनाव करवाने के खिलाफ राय दी है। सरकार ने कोर्ट में अपना रुख स्पष्ट करते हुए कहा कि वह शिक्षा के स्तर में सुधार को प्राथमिकता दे रही है।

### सरकार की प्राथमिकता शैक्षणिक गुणवत्ता और व्यवस्था

प्रदेश सरकार ने कोर्ट को यह भी बताया कि वर्तमान में शैक्षणिक गुणवत्ता और व्यवस्था को प्राथमिकता दी जा रही है। साथ ही यह भी माना कि पिछले कुछ वर्षों में लिंगदोह कमेटी की सिफारिशों के उल्लंघन, धन बल और बाहुबल के दुरुपयोग ने चुनाव प्रक्रिया को जटिल बना दिया है। गौरतलब है कि छात्रसंघ चुनाव को लेकर छात्र संगठनों और नेताओं द्वारा प्रदेशभर में कई बार प्रदर्शन किए गए हैं। छात्रों का कहना है कि प्रतिनिधित्व का अधिकार उनका लोकतांत्रिक और मौलिक अधिकार है, जिसे लगातार छीना जा रहा है।

### लोकतंत्र का गला घोंटने का किया काम: जाखड़

एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष विनोद जाखड़ ने छात्रसंघ चुनाव नहीं करवाने के भाजपा सरकार के फैसले की कड़ी निंदा की। जाखड़ ने कहा कि सरकार ने लोकतंत्र का गला घोंटने का काम किया है। छात्रसंघ चुनाव युवा नेतृत्व की नर्सरी है, जहां से देश और समाज को दिशा देने वाले नेता निकलते हैं। सरकार को छात्रों की आवाज से डर है, इसलिए लोकतांत्रिक अधिकार छीन लिए गए। एनएसयूआई इस तानाशाही फैसले के खिलाफ सड़क से लेकर विधानसभा तक संघर्ष करेगी और हर हाल में चुनाव बहाल करवाएगी।

---

**आंदोलन: बड़ी संख्या में जुटे कार्यकर्ता, निकाला पैदल मार्च**


# 'वोट चोरी' के विरोध में सड़क पर कांग्रेस का शक्ति प्रदर्शन

■ सभी जिलों में आज निकाले जाएंगे मशाल जुलूस

**बेधड़क** | जयपुर

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की ओर से देश में बड़े पैमाने पर वोट चोरी के आरोपों के बाद कांग्रेस पार्टी ने प्रदेशव्यापी आंदोलन का ऐलान कर दिया है। इसी के तहत बुधवार को राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के नेतृत्व में जयपुर में प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय से शहीद स्मारक तक 'वोट चोर-गद्दी छोड़' पैदल मार्च निकाला गया। इस मार्च में पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, एआईसीसी महासचिव सचिन पायलट, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, कांग्रेस विधायक, प्रत्याशी, पीसीसी पदाधिकारी और काफी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए।

पैदल मार्च के दौरान पीसीसी अध्यक्ष डोटासरा ने कहा कि राहुल गांधी ने ठोस सबूतों के साथ वोट चोरी का पर्दाफाश किया है, जिससे साबित होता है कि भाजपा की केंद्र सरकार फर्जी वोटों के दम पर बनी है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने राजस्थान समेत देशभर में वोट चोरी के जरिए सत्ता हासिल की।



*कांग्रेस के पैदल मार्च में बाएं से शाहपुरा विधायक मनीष यादव, पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव सचिन पायलट, कार्यकर्ताओं को संबोधित करते प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, पूर्व सीएम अशोक गहलोत एवं पूर्व विधायक प्रताप सिंह खाचरियावास व पार्टी कार्यकर्ता।* -फोटो: पंकज शर्मा

### पायलट और जूली ने चुनाव आयोग पर उठाए सवाल

इस दौरान सचिन पायलट ने चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर सवाल उठाते हुए कहा कि आयोग जवाब देने के बजाय नोटिस भेज रहा है। वोटर लिस्ट और सीसीटीवी फुटेज क्यों नहीं दिए जा रहे हैं? पायलट ने जोर देकर कहा कि यह मुद्दा किसी एक पार्टी का नहीं, बल्कि देश के लोकतंत्र को बचाने का है। उन्होंने राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे की दिल्ली में गिरफ्तारी का जिक्र करते हुए कहा कि आयोग की चुप्पी से दाल में कुछ काला होने का संदेह गहरा रहा है। वहीं नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि चुनाव आयोग मरे हुए लोगों को जिंदा बता रहा है। जूली ने कहा कि राहुल गांधी ने सबूत रखे हैं, उसका जवाब तथ्यों के साथ दिया जाना चाहिए।



*कांग्रेस की ओर से जयपुर में निकाले गए पैदल मार्च में उमड़े पार्टी कार्यकर्ता।*

### अक्टूबर तक चलेगा 'वोट चोर-गद्दी छोड़' आंदोलन

कांग्रेस ने इस मुद्दे को जन-जन तक ले जाने का ऐलान किया है। डोटासरा ने बताया कि 14 अगस्त को रात 8 बजे सभी जिला मुख्यालयों पर 'वोट चोर-गद्दी छोड़' कैंडल मार्च निकाला जाएगा। इसके बाद जन जागरण और हस्ताक्षर अभियान चलाए जाएंगे। इसी क्रम में 22 अगस्त से 7 सितंबर तक जिला मुख्यालयों पर 'वोट चोर-गद्दी छोड़' रैली का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद 15 सितंबर से 15 अक्टूबर तक पूरे देश में मताधिकार को बचाने के लिए 'हस्ताक्षर अभियान' चलाया जाएगा।

### अन्य देशों की तरह भारत एकतरफा चुनावों की दिशा में बढ़ रहा: गहलोत

पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि बिहार में 60 लाख मतदाताओं के नाम काटे गए, लेकिन नए जोड़े गए मतदाताओं का कोई ब्योरा नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में योगेंद्र यादव की ओर से दी गई दलीलों के हवाले से बताया कि जीवित लोगों को मृत दिखाकर वोटर लिस्ट से हटाया गया। गहलोत ने चेतावनी दी कि देश, रूस और चीन के जैसे ही एकतरफा चुनावों की दिशा में बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि यह हर नागरिक और युवा के लिए चिंता का विषय है। गहलोत ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने जो आह्वान किया, उसमें हम सब साथ लगेंगे।

### राजस्थान में भी वोट चोरी हुई, साबित करेंगे: डोटासरा

डोटासरा ने कहा कि चुनाव आयोग से हम वोटर लिस्ट का डिजिटल डेटा मांग रहे हैं, लेकिन आयोग इसे देने से इनकार कर रहा है। हम साबित करेंगे कि राजस्थान में भी वोट चोरी हुई है। उन्होंने भाजपा पर लोकतंत्र पर दोहरा प्रहार करने का आरोप लगाया, एक तरफ फर्जी वोटों से सत्ता हथियाना और दूसरी ओर विपक्षी मतदाताओं के नाम वोटर लिस्ट से हटाना। उन्होंने जयपुर ग्रामीण, कोटा, बीकानेर और अलवर लोकसभा क्षेत्रों में अपने स्तर पर जांच करने की बात भी कही।

---

**मेट्रो और NHAI परियोजनाओं पर बैठक**

# सुगम यातायात के लिए त्वरित समाधान जरूरी: दीया कुमारी



*सचिवालय में मेट्रो और एनएचएआई के अधिकारियों की बैठक लेतीं उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी।*

**बेधड़क** | जयपुर

उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने बुधवार को सचिवालय में जयपुर मेट्रो और नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (NHAI) के अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की।

बैठक में मेट्रो परियोजना के अलाइनमेंट और विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (DPR) पर विस्तार से चर्चा की गई। विशेष रूप से टोडी मोड़, नींदड़ मोड़ और 14 नंबर क्षेत्र में प्रस्तावित अंडरपास और फ्लाईओवर के अलाइनमेंट में मेट्रो परियोजना के चलते होने वाले बदलावों पर विचार किया गया। इन स्थलों पर यातायात दबाव को देखते हुए त्वरित समाधान की आवश्यकता को प्राथमिकता दी गई।

### एनएचएआई के अधिकारियों को दिए निर्देश

उपमुख्यमंत्री ने एनएचएआई के अधिकारियों को निर्देश दिए कि तीनों स्थानों पर फ्लाईओवर और अंडरपास का निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जाए, ताकि आमजन को जाम की समस्या से राहत मिल सके और शहर में सुगम यातायात सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि मेट्रो और हाईवे परियोजनाएं जयपुर की आधारभूत संरचना को सुदृढ़ करने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं, इसलिए कार्यों में गति और समन्वय दोनों जरूरी हैं।

---

**बेधड़क TOON**




-शेखर

---

**अमेरिकी टैरिफ से कारोबार पर असर**

# हस्तशिल्प निर्यातकों ने पीएम से मांगी राहत

■ हैंडीक्राफ्ट्स एक्सपोर्टर्स जॉइंट फोरम ने बताई समस्याएं

**बेधड़क** | जयपुर

अमेरिकी टैरिफ का असर प्रदेश के हैंडीक्राफ्ट्स कारोबार पर पड़ने को लेकर राजस्थान हैंडीक्राफ्ट्स एक्सपोर्टर्स जॉइंट फोरम ने इस संकट से निपटने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। फोरम के कोऑर्डिनेटर नवनीत झालानी ने पीएम को लिखे पत्र में बताया है कि राजस्थान के हस्तशिल्प निर्यातक अपने उत्पादों का 50% निर्यात अमेरिका को करते हैं, लेकिन 28 अगस्त, 2025 के बाद शिप किए गए माल पर 25% अतिरिक्त तेल संबंधी टैरिफ लगेगा और कुल टैरिफ 50% हो जाएगा। इससे अमेरिकी खरीदार ऑर्डर रद्द कर रहे हैं, जिससे निर्यातक आर्थिक संकट में हैं। त्योहारों के कारण श्रमिकों और ट्रकों की कमी है।

साथ ही कस्टम के ईडीआई सिस्टम की तकनीकी खराबी से शिपिंग बिल समय पर तैयार नहीं हो रहे हैं, जिससे कंटेनर जहाजों पर लोड नहीं हो पा रहे हैं। फोरम ने 28 अगस्त, 2025 के बाद निर्यात पर 20% प्रोत्साहन राशि की मांग की है। यह तब तक दी जाए, जब तक भारत-अमेरिका ट्रेड समझौता नहीं हो जाता। इसके अलावा, शिपिंग कॉरपोरेशन से बल्क बुकिंग, बैंकों से ईपीसी ऋणों की समय सीमा में वृद्धि और जीएसटी रिफंड्स के त्वरित भुगतान की मांग भी की गई है।

---

**पुलिस महानिदेशक की राज्यव्यापी वीडियो कॉन्फ्रेंस**

# डीजीपी का सवाल... जवाब पर चुप्पी साध गए एसपी

■ वर्षों बाद ग्रासरूट के पुलिसकर्मी भी हुए शामिल

**शिवेंद्र सिंह परमार** | बेधड़क

**जयपुर।** पुलिस मुख्यालय में बुधवार को कुछ ऐसा हुआ, जो लंबे समय से नहीं देखा गया था। पुलिस महानिदेशक राजीव शर्मा की पहल पर हुई राज्यव्यापी वीडियो कॉन्फ्रेंस में न केवल जिलों के पुलिस अधीक्षक (SP) और रेंज आईजी जुड़े, बल्कि थाने के एसएचओ से लेकर कांस्टेबल तक से डीजीपी ने सीधा संवाद किया।




*डीजीपी राजीव शर्मा।*

डीजीपी ने कोर पुलिसिंग को लेकर सभी से बात की।

डीजीपी का मुख्य फोकस नए आपराधिक कानूनों के सफल क्रियान्वयन पर रहा। इस दौरान डीजीपी ने अधिकतर एसपी से वन टू वन बात की। किसी जिले के खराब प्रदर्शन को लेकर डीजीपी ने नए एसपी की जगह पुराने एसपी से ही बात की।

### जताई नाराजगी

डीजीपी ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के तहत हथकड़ी लगाने के प्रावधान पर एसपी और आईजी से सवाल किया। खासतौर पर कोटा रेंज के पुलिस अधीक्षकों से पूछा- 'क्या अब हथकड़ी लगाने के लिए अदालत की मंजूरी जरूरी है?' जवाब में चुप्पी छा गई। इसके बाद डीजीपी ने सभी एसपी से यही सवाल किया, लेकिन कोई जवाब नहीं दे पाया। इस पर डीजीपी ने नाराजगी जताई और कहा कि अब हथकड़ी लगाने के लिए अदालत की मंजूरी की जरूरत नहीं है। कानून को जानना और लागू करना आपकी पहली जिम्मेदारी है।

### एडीजी ने कहा, एसपी सब से नहीं मिलते

बैठक में एक वरिष्ठ एडीजी ने नए युवा एसपी के बारे में कहा कि कई युवा एसपी जब पुलिस मुख्यालय आते हैं तो वे सभी एडीजी से मुलाकात नहीं करते। चुनिंदा अधिकारियों से मिलकर लौट जाते हैं। नतीजतन, कई बार बड़े घटनाक्रम में यह तक पता नहीं होता कि किस जिले में कौन एसपी है। डीजीपी राजीव शर्मा ने इसे गंभीरता से लिया और साफ निर्देश दिए कि नए एसपी को पीएचक्यू आने पर सभी वरिष्ठ अधिकारियों से कॉल ऑन करना चाहिए। परिचय और तालमेल ही टीमवर्क की नींव है। वीसी के दौरान एक आईपीएस अधिकारी फोन पर बात कर रहे थे। डीजीपी ने तुरंत उन्हें टोक दिया। यह पूरे महकमे के लिए एक संकेत था कि वीसी हो या मैदान, ड्यूटी के समय पूरा फोकस सिर्फ काम पर होना चाहिए।

### एसपी यादव और त्रिपाठी की तारीफ

वीसी में सख्ती के साथ सराहना भी हुई। चूरू एसपी जय यादव की नए आपराधिक कानूनों के तहत उत्कृष्ट काम करने पर डीजीपी ने प्रशंसा की और उन्हें रिवॉर्ड देने के निर्देश जारी किए। इसी तरह राजसमंद में एसपी रहते हुए मनीष त्रिपाठी के अच्छे कार्यों की भी बैठक में तारीफ हुई।

वायुसेना की तिरंगा बाइक रैली ने दिया राष्ट्रीय एकता का संदेश

# देशभक्ति के रंग में जयपुर... दिन में तिरंगा रैली, रात में तिरंगी रोशनी

बेधड़क | जयपुर

'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत गुलाबी नगर बुधवार को दिन में देशभक्ति के रंग में रंगा नजर आया, वहीं रात में सरकारी इमारतें आकर्षक लाइटिंग और तिरंगी लाइटिंग में नहाई हुई नजर आई।

आजादी के पर्व पर पिंकसिटी के प्रमुख चौराहों, एलिवेटेड रोड, सरकारी इमारतों और सार्वजनिक स्थलों को तिरंगे की लाइट से सजाया गया है। साथ ही विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में भी तिरंगा यात्रा, निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता आदि कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

राजधानी जयपुर में वायुसेना ने तिरंगा मोटरसाइकिल रैली के माध्यम से राष्ट्रीय एकता, देशभक्ति और देश के वीरों के प्रति सम्मान का संदेश दिया। 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत बुधवार को सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के केंद्रीय संचार ब्यूरो, जयपुर और वायुसेना स्टेशन, जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में जलमहल से आमेर के मावठे तक तिरंगा मोटरसाइकिल रैली का आयोजन किया गया। रैली को वायुसेना स्टेशन के कमांडर ग्रुप कैप्टन विनय भारद्वाज और केंद्रीय संचार ब्यूरो की अपर महानिदेशक ऋतु शुक्ला ने झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में वायुसेना और ब्यूरो के कार्मिकों ने देशभक्ति के नारे लगाते हुए उत्साहपूर्वक भाग लिया। ग्रुप कैप्टन भारद्वाज ने कहा कि यह अभियान राष्ट्रीय एकता, देशभक्ति और शहीदों के प्रति सम्मान की भावना जागृत करता है। वहीं, शुक्ला ने बताया कि 15 अगस्त तक चलने वाला यह अभियान तिरंगे को हर घर में गौरव और एकता के प्रतीक के रूप में स्थापित करने का प्रयास है।


विद्याधर नगर


अल्बर्ट हॉल

फोटो: पंकज शर्मा

### 'हर घर तिरंगा' अभियान की धूम

**जयपुर।** विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्र में उपमुख्यमंत्री एवं विधायक दीया कुमारी के नेतृत्व में 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। उपमुख्यमंत्री ने तिरंगा थामकर जनता का अभिवादन किया और देशभक्ति का संदेश दिया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' के विजन की सराहना करते हुए कहा कि तिरंगा एकता, बलिदान और राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक है। विद्याधर नगर स्टेडियम से शुरू हुई यह यात्रा ढोल-नगाड़ों, राष्ट्रभक्ति गीतों और नारों के साथ जेकेजे ज्वैलर्स, अंबाबाड़ी पर संपन्न हुई। यात्रा में महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों की भारी भीड़ ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया।


तिरंगा बाइक रैली


विधानसभा



बड़ी चौपड़ व हवामहल पर तिरंगा रैली

फोटो: राजेश कुमावत

## जरूरी खबर

### पांच हजार रुपए की रिश्वत लेते ASI गिरफ्तार



**जयपुर।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने बुधवार को जयपुर ग्रामीण के गोविंदगढ़ थाने में कार्रवाई करते हुए थाने के एएसआई शंकर लाल मीणा को 5 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। कार्रवाई के दौरान थाना प्रभारी चंद्रशेखर मौके से फरार हो गया। जानकारी के मुताबिक, परिवादी का कार रेंटल का व्यवसाय है। कुछ दिन पहले एक व्यक्ति ने उसकी कार किराए पर ली और पेट्रोल पंप पर बिना भुगतान किए भाग गया। इस मामले में गोविंदगढ़ थाने में एफआईआर दर्ज हुई, जिसकी जांच एएसआई मीणा कर रहे थे। मीणा ने परिवादी को मुलजिम बनाने की धमकी देकर पहले दो किस्तों में 65,000 रुपए की रिश्वत ले ली। बाद में जब परिवादी कोर्ट के रिलीज ऑर्डर के साथ जब्त कार छुड़ाने पहुंचा तो मीणा ने 5 हजार रुपए और रिश्वत मांगी। इस पर परिवादी ने एसीबी में शिकायत की थी।

### थाने से गायब वायरलेस की 17 साल बाद FIR



**जयपुर।** विद्याधर नगर थाने से 17 साल पहले गायब हुआ वायरलेस सेट आज तक नहीं मिला। अब पुलिस ने इसे गायब मानते हुए चोरी की रिपोर्ट दर्ज की है। वायरलेस सेट 7 जुलाई 2008 को थाने से गायब हुआ था। चोरी की बात सार्वजनिक न हो, इसलिए पुलिस ने तब कोई रिपोर्ट दर्ज नहीं की थी। 17 साल बाद भी सेट का कोई सुराग नहीं मिला। मामले को लेकर दो दिन पहले थाने के एसआई हरिराम ने चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई। इसकी जांच हेड कांस्टेबल महेश कुमार को सौंपी गई है। थाना प्रभारी राकेश ख्यालिया ने बताया कि 2008 से गायब सेट का कोई सुराग नहीं मिला। अब एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई शुरू की गई है।

दही-हांडी, भजन-कीर्तन और छप्पन भोग से मनाया जाएगा कान्हा का जन्मोत्सव

# कान्हा के स्वागत की तैयारियां... मंदिरों में उल्लास की बयार

बेधड़क | जयपुर

छोटी काशी जयपुर एक बार फिर कृष्णमय हो उठा है। भाद्रपद कृष्ण अष्टमी को जन्माष्टमी का पर्व हर्षोल्लास के साथ 16 अगस्त को मनाया जाएगा। शहर के हर कोने में भक्ति, उल्लास और रंग-बिरंगी रोशनी की छटा बिखर गई है। ऐसा प्रतीत हो रहा है जैसे द्वापर युग लौट आया हो और कन्हैया के जन्म की तैयारी पूरे शहर ने मिलकर की हो। मंदिरों में श्रीकृष्ण के स्वागत के लिए फूलों की सजावट, दीपों की ज्योति और झांकियों की रंगत से विशेष तैयारियां की गई हैं। कहीं बाल गोपाल पालने में झूल रहे हैं, तो कहीं भजन-कीर्तन से मंदिर गूंज रहे हैं। गोपीनाथजी मंदिर, इस्कॉन, गोविंद देवजी, राधा दामोदर, अक्षरधाम जैसे प्रमुख मंदिरों में विशेष शृंगार, अभिषेक, दर्शन और सजावट की व्यवस्था की गई है। भक्तों की लंबी कतारें इस बात की गवाही दे रही हैं कि भगवान के जन्म का उल्लास पूरे मन से मनाया जाएगा। शहर की गलियों में 'नंद के आनंद भयो' के जयकारे हैं तो कहीं दही-हांडी की प्रतियोगिताएं हो रही हैं।


गोविंद देवजी मंदिर में सजाई गई झांकी।


फोटो: पंकज शर्मा

जन्माष्टमी महोत्सव में प्रस्तुति देते कलाकार।

### ठाकुर कृष्ण-बलराम पहनेंगे नवरत्नों से सजी पोशाक



जयपुर के जगतपुरा स्थित हरे कृष्ण मार्ग पर गुप्त वृंदावन धाम जन्माष्टमी पर कृष्णमय होगा। पूरे परिसर को देशभर से आए फूलों और रंग-बिरंगी रोशनी से सजाया गया है। भगवान श्रीकृष्ण और बलराम का पुष्प अलंकार विशेष सेवंती फूलों से किया जाएगा। यशोदानंदन को मंगला आरती में नवरत्नों से सजी पोशाक पहनाई जाएगी, जिसमें वृंदावन की जरदोज़ी कढ़ाई होगी। अर्धरात्रि को भगवान का भव्य महाभिषेक और महाआरती होगी। जैसे ही श्रीकृष्ण प्रकट होंगे, भक्तजन उनके दर्शन के लिए उमड़ पड़ेंगे। पूरा धाम हरे कृष्ण महामंत्र और जयघोष से गूंज उठेगा। दो लाख से अधिक श्रद्धालुओं के आने की संभावना को देखते हुए मंदिर प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतज़ाम किए हैं। यह पर्व केवल उत्सव नहीं, बल्कि आत्मा को भक्ति में डुबो देने का दुर्लभ अवसर होगा।


नगर निगम ग्रेटर का नवाचार

# खुले में कचरा फेंका तो कैमरा करेगा कैद... लगेगा जुर्माना

बेधड़क | जयपुर

नगर निगम ग्रेटर ने शहर को साफ-सुथरा रखने के लिए एक खास तरीका अपनाया है। अब अगर कोई व्यक्ति सड़क पर या खुले में कचरा डालेगा तो वह कैमरे में कैद हो जाएगा और तुरंत उसे चेतावनी दी जाएगी। चेतावनी के बाद भी नहीं मानने पर उस पर जुर्माना लगाया जाएगा। यह नई व्यवस्था सबसे पहले झोटवाड़ा जोन से शुरू की गई है। यहां के वार्ड नंबर 58 में कैमरे और हूटर लगाए गए हैं। जैसे ही कोई व्यक्ति वहां कचरा डालने आता है, हूटर बजता है और माइक से आवाज आती है- कृपया यहां कचरा न डालें अन्यथा चालान किया जाएगा। इससे लोग डरकर कचरा वापस ले जाते हैं।

नगर निगम ग्रेटर के आयुक्त डॉ. गौरव सैनी ने बताया कि इस खास तरीके से शहर को खुले कचरा डिपो से मुक्त किया जा सकेगा। जल्द यह सिस्टम शहर के अन्य हिस्सों में भी लगाया जाएगा। इस पहल की पहली बड़ी सफलता बुधवार को देखने को मिली। वार्ड नंबर 58 में एक व्यक्ति रात को अपने क्लीनिक का कचरा सड़क पर डाल रहा था। कैमरे ने उसकी यह हरकत रिकॉर्ड कर ली। नगर निगम की आईटी टीम ने यह वीडियो झोटवाड़ा जोन की टीम को भेजा। मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक प्रेम सिंह वैद्य और उनकी टीम ने तुरंत उस व्यक्ति को पहचान कर मौके पर बुलाया। उसे खुले में कचरा डालने के लिए तीन हजार रुपए का जुर्माना भरना पड़ा। साथ ही भविष्य में ऐसा न करने की शपथ भी दिलवाई गई। उस व्यक्ति ने न केवल खुद कचरा न फेंकने का वादा किया बल्कि दूसरों को भी समझाने का संकल्प लिया।



### तकनीक से शहर को बनाएंगे स्वच्छ

यह पहल साबित करती है कि तकनीक की मदद से शहर को स्वच्छ रखना आसान हो सकता है। कैमरे और हूटर की यह योजना लोगों को जागरूक भी कर रही है और नियमों का पालन भी करवाने में मददगार बन रही है। नगर निगम ग्रेटर का यह प्रयास सराहनीय है, जिससे जयपुर स्वच्छ और सुंदर बन सकेगा।

एलीफेंट फैशन शो पर विशेषज्ञों ने उठाए सवाल

# ये कैसी क्रूरता! भारी-भरकम मेकअप... तपती धूप में कंक्रीट पर राइडिंग

बेधड़क एक्सक्लूसिव

देवयानी व्यास | बेधड़क

**जयपुर।** राजधानी जयपुर के 'हाथी गांव' में मंगलवार को मनाए गए विश्व हाथी दिवस के मौके पर 'एलीफेंट फैशन शो' कार्यक्रम हुआ, जिसमें इस बार हाथी संरक्षण की बजाय दिखावे और मनोरंजन का स्वरूप प्रमुख रहा। राष्ट्रीय धरोहर पशु हाथी के संरक्षण के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में हुए कई विवादास्पद कृत्यों पर वन्यजीव प्रेमियों और विशेषज्ञों ने नाराजगी जताई है।

दरअसल, एलीफेंट फैशन शो से पहले हाथियों ने तपती धूप में कंक्रीट सड़कों पर पर्यटकों को राइडिंग कराई और बाद में उन्हीं हाथियों का फैशन शो भी आयोजित किया गया, जहां उन्हें भारी-भरकम गहने पहनाए गए। ऐसे में वन्यजीव विशेषज्ञों ने इस व्यवहार को अमानवीय बताते हुए कहा कि इससे हाथियों की शारीरिक और मानसिक स्थिति पर विपरीत प्रभाव पड़ता है।

बता दें, वन्यजीव संरक्षण अधिनियम की श्रेणी-1 में हाथी को शामिल किया गया है, जिसके तहत उन्हें विशेष सुरक्षा मिली है। हाथी गांव के कई हाथी बीमार और चिकित्सकीय देखरेख में हैं, बावजूद इसके उन्हें पर्यटन मनोरंजन के लिए उपयोग करना कानून की भावना के विरुद्ध है।



### हाथियों को खिलाया आटा और मैदा

सबसे चिंता की बात यह रही कि इस कार्यक्रम में हाथियों को आटा और मैदा खिलाया गया, जो उनके स्वास्थ्य के लिए बेहद हानिकारक होता है। इसके कारण डायबिटीज, पाचन तंत्र की समस्याएं और अन्य गंभीर बीमारियां हो सकती हैं और यह सब वन विभाग के अधिकारियों और पशु चिकित्सक की मौजूदगी में हुआ, जिससे विभाग की भूमिका पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं।

### 10 साल में घट गए 60 हाथी

आमेर क्षेत्र में पिछले दस वर्षों में लगभग 60 हाथी कम हो गए हैं, जिनमें से 20 की बीमारी से मौत हो चुकी है, जबकि 40 हाथियों को बेच दिया गया या लोन पर बाहर भेजा गया है। संरक्षण अभियान में आई यह गिरावट और विभागीय चुप्पी व लापरवाही चिंता का विषय बनी हुई है। विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि यदि यही हाल रहा तो अगले दशक में हाथी न के बराबर रह जाएंगे।

### आमेर किले में हाथी सवारी पर रोक की मांग कर चुका है पेटा

पशु अधिकार संगठन पीपुल फॉर एथिकल ट्रीटमेंट ऑफ एनिमल्स (पेटा) इंडिया 2018 में ही राजस्थान उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर आमेर किले और हाथी गांव में हाथी की सवारी को बंद करने की मांग कर चुका है। आमेर किले में हाथी सवारी पर्यटकों के लिए प्रमुख आकर्षण है, लेकिन पेटा का कहना है कि ये सवारी अवैध हैं क्योंकि इनमें इस्तेमाल होने वाले हाथी भारतीय पशु कल्याण बोर्ड (AWBI) के पास पंजीकृत नहीं हैं। यह पशु क्रूरता निवारण अधिनियम, 1960 और प्रदर्शनकारी पशु (पंजीकरण) नियम, 2001 का उल्लंघन है। पीपुल फॉर एनिमल्स के संयोजक सूरज सोनी ने कहा कि हाथियों से मॉडलिंग कराना अनुचित है, क्योंकि इसमें सिंथेटिक रंगों का प्रयोग होता है जो उनकी त्वचा के लिए हानिकारक हो सकता है। हाथी मेकअप या शो के लिए नहीं, बल्कि संरक्षण के लिए हैं, क्योंकि वे वन्यजीव संरक्षण अधिनियम की श्रेणी-1 में शामिल हैं।

## जरूरी खबर

### धर्म परिवर्तन करवाने वाले 14 लोगों को पकड़ा



**सीकर।** धर्म परिवर्तन की गतिविधियों के आरोप में पुलिस ने एक महिला सहित 14 लोगों को हिरासत में लिया है। यह कार्रवाई विहिप की सूचना पर उद्योग नगर पुलिस ने शांति नगर इलाके में की है। पकड़े गए व्यक्तियों पर आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को पैसे और अन्य प्रलोभनों का लालच देकर धर्म परिवर्तन के लिए प्रेरित करने का आरोप है। पुलिस ने मौके से संदिग्ध धार्मिक साहित्य और अन्य सामग्री भी जब्त की है। विहिप के जिला अध्यक्ष मनोज शर्मा ने बताया कि कुछ समय से धर्म परिवर्तन की गतिविधियां होने की सूचना मिल रही थी। बुधवार को मौके पर जाकर पता तो चला कि कुछ लोग बस्ती में रहने वाले परिवारों को धार्मिक साहित्य बांट रहे थे।

### तालाब में नहाने गए तीन दोस्तों की डूबने से मौत

**बीकानेर।** गजनेर थाना क्षेत्र के कोडमदेसर तालाब में मंगलवार रात को नहाने गए तीन बच्चों की डूबने से मौत हो गई। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तो तालाब के किनारे तीन बच्चों के जूते और मोबाइल बरामद हुए। बाद में पुलिस ने तीनों के शव बाहर निकलवाए। थानाधिकारी चंद्रजीत सिंह ने बताया कि तीनों दोस्त स्कूल से छुट्टी के बाद मंदिर में दर्शन करने के लिए आए और वहीं तालाब में नहाने के लिए चले गए। मृतक बच्चों में करण, लक्की और राम व्यास शामिल है। तीनों नयाशहर थाना क्षेत्र के जवाहर नगर और भाट्टो का बास क्षेत्र के रहने वाले थे।

### कबड्डी खिलाड़ी की साइलेंट अटैक से मौत



**सिरोही।** जिला अंडर-17 कबड्डी टीम की खिलाड़ी मनीषा चौधरी की साइलेंट अटैक से मंगलवार रात को मौत हो गई। उसकी हिचकी की आवाज सुनकर परिजनों ने उसे जगाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक उसकी सांस थम चुकी थी। वह रात को परिवार के साथ खाना खाकर सोई थी। जानकारी के अनुसार गवर्नमेंट हायर सेकेंडरी स्कूल कृष्णगंज की 12वीं की छात्रा मनीषा चौधरी (17) इस बार स्कूल अंडर-17 टीम की कप्तान चुनी गई थी। इसके साथ ही जिला अंडर-17 टीम की खिलाड़ी रहते हुए तीन बार स्टेट लेवल पर मैच खेले थे।

## जोधपुर में होगा स्वतंत्रता दिवस का राज्य स्तरीय समारोह

# रिहर्सल: ध्वजारोहण कर सलामी ली, हेलिकॉप्टर से बरसाए फूल

**बेधड़क** | जोधपुर

स्वतंत्रता दिवस पर इस बार राज्य स्तरीय समारोह जोधपुर में होगा। समारोह को लेकर संभागीय आयुक्त डॉ. प्रतिभा सिंह के नेतृत्व में बुधवार को फाइनल रिहर्सल किया गया। उन्होंने ध्वजारोहण कर मार्च पास्ट की सलामी ली। इस दौरान हेलिकॉप्टर से पुष्पवर्षा की गई। रिहर्सल के दौरान लोक कलाकारों और छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति से ओत-प्रोत मनमोहक प्रस्तुतियां दी। इसके साथ ही पुलिस ने घुड़सवारी शो, सेना एवं पुलिस का बैंड वादन, सीमा सुरक्षा बल की ओर से कैमल टैटू शो और अन्य विशेष प्रदर्शन ने रिहर्सल को भव्यता प्रदान की। राष्ट्रगान के साथ रिहर्सल संपन्न हुआ। इस मौके पर कलेक्टर गौरव अग्रवाल सहित अनेक अधिकारी उपस्थित रहे।



*शहीद स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित करतीं संभागीय आयुक्त डॉ. प्रतिभा सिंह।*



*कार्यक्रम में बीएसएफ की ओर से ऊंटों ने सलामी दी।*



*रिहर्सल कार्यक्रम के दौरान हेलिकॉप्टर से पुष्पवर्षा की गई।*

**स्वतंत्रता दिवस पर यह रहेगा सीएम का कार्यक्रम**

स्वतंत्रता दिवस पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सुबह 8:38 बजे से 8:45 बजे तक सर्किट हाउस में ध्वजारोहण करेंगे। इसके बाद 8:50 बजे से 9:00 बजे तक गौरव पथ स्थित शहीद स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। फिर सुबह 9:05 बजे से 11:05 बजे तक बरकतुल्लाह खां स्टेडियम में मुख्य समारोह में शामिल होकर ध्वजारोहण करेंगे।

### अमर शहीदों को किया नमन

रिहर्सल में सुबह 8:38 बजे डॉ. प्रतिभा सिंह ने मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि के तौर पर सर्किट हाउस प्रांगण में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया। ध्वजारोहण के बाद उन्होंने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के छाया चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके आदर्शों को नमन किया। इस अवसर पर प्लाटून कमांडर नितेश के नेतृत्व में राजस्थान सशस्त्र बल की एक टुकड़ी ने मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि को सलामी दी। उन्होंने गौरव पथ स्थित शहीद स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित कर अमर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर डॉ. सिंह ने विजिटर्स बुक में अपने संदेश के माध्यम से देश की रक्षा में वीरगति को प्राप्त हुए सैनिकों के प्रति गहरी कृतज्ञता और सम्मान व्यक्त किया।

## ब्यावर व बीकानेर में डॉक्टरों पर इलाज में लापरवाही का आरोप

# अस्पताल में महिला की मौत पर हंगामा, परिजनों-डॉक्टरों में बहस

**बेधड़क** | ब्यावर

राजकीय अमृतकौर अस्पताल में बुधवार को एक महिला की मौत हो गई। परिजनों ने समय पर इलाज नहीं मिलने और गलत दवा दिए जाने का आरोप लगाते हुए हंगामा कर दिया। इस दौरान परिजनों और अस्पताल स्टाफ के बीच बहस और गाली-गलौज हुई, जिसके विरोध में डॉक्टरों ने कार्य बहिष्कार कर दिया।

सूचना मिलने पर थानाधिकारी विजय मीणा और तहसीलदार हनुत सिंह समेत पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और दोनों पक्षों से समझाइश की। हालात को देखते हुए प्रशासन ने मामले की जांच के लिए कमेटी का गठन करने और चार डॉक्टरों के मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवाने का आश्वासन दिया। इसके बाद परिजन माने।

जानकारी के अनुसार ज्ञानचंद सिंघल नगर निवासी उषा शर्मा (60) को उसकी बेटी हेमलता बुधवार सुबह राजकीय अस्पताल लेकर पहुंची थी। परिजनों के अनुसार, डॉक्टर जितेंद्र फुलवारी ने उषा की ईसीजी जांच करवाई और पर्ची में भर्ती की सलाह दी, लेकिन मौखिक रूप से उन्हें दवा देकर घर भेज दिया गया। घर पहुंचने के बाद उषा की तबीयत बिगड़ गई, उसे दोबारा अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों का आरोप है कि डॉक्टर ने हार्ट की गलत दवा दी, जिससे उनकी मौत हुई। इसके बाद परिजनों ने आरोपी चिकित्सक की गिरफ्तारी की मांग करते हुए हंगामा खड़ा कर दिया। परिजनों ने विरोध-प्रदर्शन कर अपना रोष जताया।



*महिला की मौत के बाद अस्पताल में विरोध जताते परिजन।*

### नर्सिंग होम पर लापरवाही का आरोप, परिजनों का धरना



**बीकानेर।** नोखा के काकड़ा निवासी एक महिला की डिलीवरी के सात दिन बाद मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों ने इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए नोखा के सुराणा नर्सिंग होम पहुंच कर विरोध-प्रदर्शन किया। इसके बाद परिजनों की मांग पर तीन डॉक्टरों के मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवाया गया। परिजनों के अनुसार, रेणु को 5 अगस्त को प्रसव पीड़ा होने पर काकड़ा के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया था, जहां उसने बेटे को जन्म दिया। इस दौरान टांके लगाने में गड़बड़ी होने पर परिजन उसे नोखा के सुराणा नर्सिंग होम लेकर गए। 6 अगस्त को रेणु को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई, जिसके बाद वह गांव लौट आई। लेकिन 11 अगस्त को तबीयत बिगड़ने पर परिजनों ने नर्सिंग होम से संपर्क किया। अस्पताल ने अगले दिन बुलाया। 12 अगस्त को जब वे नर्सिंग होम पहुंचे, तो रेणु की हालत गंभीर देख उसे बीकानेर रेफर कर दिया गया, जहां डॉक्टर्स ने उसे मृत घोषित कर दिया। बुधवार को पोस्टमार्टम के समय बड़ी संख्या में ग्रामीण मोर्चरी के बाहर एकत्र हो गए और पुलिस से एफआईआर दर्ज करने की मांग की। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## सीकर में ACB की बड़ी कार्रवाई

# समग्र शिक्षा के AAO और AEN का दलाल रिश्वत लेते ट्रैप

**बेधड़क** | सीकर

जयपुर ग्रामीण एसीबी की टीम ने बुधवार को समग्र शिक्षा अभियान के अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक कार्यालय के सहायक अभियंता (AEN) खुमाराम के दलाल कमल कुमार कुमावत और सहायक लेखाधिकारी (AAO) रामचंद्र को रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है।

हालांकि, मुख्य आरोपी सहायक अभियंता खुमाराम मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश में एसीबी की टीमें जुटी हुई हैं। जयपुर ग्रामीण एसीबी के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनील सिहाग ने बताया कि परिवादी ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि उसकी फर्म ने सीकर के देवास गांव स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल में अतिरिक्त कमरों का निर्माण किया था। इस कार्य की बकाया राशि 27 लाख रुपए के बिल पास करने की एवज में सहायक अभियंता खुमाराम 60 हजार रुपए और सहायक लेखाधिकारी रामचंद्र 45 हजार रुपए की रिश्वत मांग रहे हैं। परिवादी की शिकायत के बाद एसीबी ने मामले का सत्यापन किया और ट्रैप का प्लान बनाया।

एसीबी की टीम ने बुधवार को एक सुनियोजित ट्रैप ऑपरेशन के तहत एईएन के दलाल कमल कुमार कुमावत को 60 हजार रुपए और रामचंद्र को 40 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। सूत्रों के अनुसार, कार्रवाई की भनक लगते ही खुमाराम मौके से फरार हो गया। एसीबी ने उसके ठिकानों पर छापेमारी शुरू कर दी है और उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयास कर रही है।



*AAO रामचंद्र(चश्मा लगाए हुए) और दलाल कमल कुमार कुमावत।*

## मुख्य सचिव सुधांश पंत का अजमेर दौरा

# कानून व्यवस्था व MOU की समीक्षा की

**बेधड़क** | अजमेर

मुख्य सचिव सुधांश पंत बुधवार को अजमेर पहुंचे, जहां कलेक्ट्रेट में उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इस दौरान संभागीय आयुक्त शक्ति सिंह राठौड़, आईजी राजेंद्र सिंह, कलेक्टर लोक बंधु और एसपी वंदिता राणा ने उनका स्वागत किया। कलेक्टर सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में पंत ने अजमेर और ब्यावर के वरिष्ठ अधिकारियों से दो घंटे तक विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने सरकारी योजनाओं की प्रगति, ड्रेनेज व्यवस्था, अतिक्रमण, अवैध खनन, महिला अपराध, धार्मिक आयोजनों में सुरक्षा, कानून-व्यवस्था की स्थिति और "राइजिंग राजस्थान" के तहत हुए एमओयू की समीक्षा की। मुख्य सचिव ने अवैध खनन पर सख्त कार्रवाई, अतिक्रमण हटाने में गंभीरता और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत बनाए रखने के निर्देश दिए।



*अधिकारियों की बैठक लेते मुख्य सचिव सुधांश पंत।*

## विधायक विश्वराज सिंह मेवाड़ भी हुए शामिल

# नाथद्वारा में शान से निकाली तिरंगा रैली

**बेधड़क** | नाथद्वारा

नाथद्वारा में बुधवार को देशभक्ति और एकता की प्रतीक तिरंगा रैली बड़ी शान से निकाली गई, जिसमें नाथद्वारा विधायक विश्वराज सिंह मेवाड़ भी शामिल हुए।

रैली तेलीपुरा उच्च माध्यमिक विद्यालय से शुरू होकर नया रोड, कुम्हारवाड़ा, चौपाटी, सर्राफा बाजार, लाल बाजार, अहिल्या कुंड, केशव कॉम्प्लेक्स होते हुए वापस विद्यालय परिसर में आकर सम्पन्न हुई। रैली में विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राएं, भाजपा जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता तथा कस्बे के नागरिक शामिल हुए। रैली के बाद विधायक विश्वराज सिंह मेवाड़ ने विद्यालय परिसर में छात्रों के साथ संवाद किया। कार्यक्रम में जिला महामंत्री प्रदीप काबरा, पूर्व जिला अध्यक्ष वीरेन्द्र पुरोहित, नगर अध्यक्ष प्रवीण जोशी, हर घर तिरंगा संयोजक कमल सनाध्य, कोठरिया मंडल अध्यक्ष हरदयालसिंह चौहान, जिला उपाध्यक्ष रजनी लोधा, जिला मंत्री लालजी मीना, जिला प्रवक्ता जाग्रति सोनी सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।



*तिरंगा रैली में विधायक विश्वराज सिंह मेवाड़ व अन्य जनप्रतिनिधि।*

## बाड़मेर के चौहटन में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ बोले...

# अमेरिका की भाषा बोलने वाले देशभक्त नहीं हो सकते

**बेधड़क** | बाड़मेर

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने लोगों से कहा कि जब देश संघर्ष में हो या देश पर अन्य देश संकट पैदा करें। उस समय कोई देश के नेतृत्व की आलोचना करें, उसको देशभक्त कहा जा सकता है क्या? आपके और पड़ोसी के बीच झगड़ा हो जाए।

हमारा बेटा पड़ोसी की भाषा बोले तो वह इस घर का रखवाला है क्या? हमारे और अमेरिका के बीच आर्थिक युद्ध हो, उस समय अमेरिका की भाषा बोलने वाला देश देशभक्त नहीं हो सकता। वे बुधवार को बाड़मेर के चौहटन उपखंड में तिरंगा यात्रा के बाद विभाजन विभीषिका स्मृति कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने अमेरिका के भारत पर लगाए टैरिफ को आर्थिक युद्ध बताया। राठौड़ ने कहा कि अमेरिका को पता है कि हिंदुस्तान शस्त्र खरीदने वाला नहीं है। भारत में ब्रह्मोस जैसे शस्त्र बनने शुरू हो गए। इसके लिए दुनिया में कई देश लाइन लगाकर खड़े हैं।




*भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ को कोणार्क चक्र भेंट कर अभिनंदन करते भाजपा पदाधिकारी।*

### हिंदुस्तान बड़ा मार्केट, पूरी दुनिया जानती है

मदन राठौड़ ने अमेरिका की ओर से लगाए टैरिफ पर कहा कि टैरिफ एक ड्यूटी है। हिंदुस्तान से जो दवाई अमेरिका खरीदता है। उस पर उसने 50 प्रतिशत टैरिफ लगा दिया। उस देश के नागरिक जो दवाई खरीदते थे, उन पर भार बढ़ा है। ऐसा हो सकता है कि हमारी दवाइयां कम जाएंगी, लेकिन हमारी जैसी दवा कोई बनाता ही नहीं है। पीएम मोदी ने तय कर लिया है कि हिंदुस्तान की प्रतिभा का उपयोग हिंदुस्तान में ही होगा। यहां के वैज्ञानिक, डॉक्टर, इंजीनियर का उपयोग हिंदुस्तान में करेंगे। हिंदुस्तान शस्त्र, दवाइयां, कपड़े बनाएगा। हिंदुस्तान बहुत बड़ा मार्केट है, यह पूरी दुनिया जानती है।

### विपक्ष पर साधा निशाना

उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि उनको ताकत मत दो और उसके भ्रम में मत आओ। कई लोग व्यक्तिगत लाभ के लिए भ्रम में आते है। हमको एक रहना है, देश को एक रखना है। हमारा हिंदुस्तान सर्वशक्तिमान है, इसमें हमारा योगदान होना चाहिए।

## विवादित पट्टा जारी करने का मामला

# सभापति व तत्कालीन आयुक्त को नोटिस

**बेधड़क** | नागौर

शहर के बख्ता सागर स्कूल के पास सलाऊ रोड पर विवादित पट्टा जारी करने के मामले में डीएलबी ने नगर परिषद सभापति मीतू बोथरा और तत्कालीन आयुक्त को स्पष्टीकरण नोटिस जारी किया है। विभाग ने सात दिन के भीतर जवाब मांगा है। डीएलबी के निदेशक जुईकर प्रतीक चंद्रशेखर द्वारा जारी नोटिस में उल्लेख किया गया कि 2015 में नैनाराम के कब्जे वाली भूमि को लेकर नगर परिषद के तत्कालीन आयुक्त जोधाराम बिश्नोई ने कार्रवाई करते हुए नैनाराम और उसके पुत्र नौरतन के नाम लगी कब्जा नियमन की दोनों पत्रावलियों को निरस्त कर दिया था। साथ ही, जमा की गई राशि वापस कर दी गई थी। इसके बाद 2021 में नैनाराम की ओर से पुनः प्रार्थना पत्र दिया गया। तत्कालीन आयुक्त श्रवण राम चौधरी ने निरस्त हो चुकी दोनों पत्रावलियों को फिर से रिओपन करते हुए, बिना मास्टर प्लान की रिपोर्ट और एम्पावर्ड कमेटी की प्रक्रिया पूरी किए, मामला 24 दिसंबर 2021 को समिति में रखा और दोनों विवादित पट्टे जारी कर दिए। इसकी शिकायत उपनिदेशक, क्षेत्रीय निकाय विभाग अजमेर और डीएलबी को भेजी गई थी।

## भारत24- विजन ऑफ न्यू इंडिया की तीन वर्ष की शानदार सफलता का जश्न मनाया

# खबर सबसे पहले ब्रेक कर भारत-24 ने बनाई पहचान



भारत-24 टीम द्वारा चैनल ऑफिस में डॉ. जगदीश चंद्र का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इस मौके पर बाएं से शान नंदा, पलक प्रकाश, आकांक्षा तोमर, प्रिया राज, पूजा यादव, देवेंद्र पाठक, अनीता हाड़ा, आरिफ खान, सैयद उमर, मनोज जग्यासी, अनु श्रीधर, शशिकेश रंजन, अमित कुमार ओझा, संदीप मिश्रा, वरुण जैन और अक्षय कुमार राय।




*जयपुर। भारत 24 के सफलतम तीन साल पूरे करने पर दिल्ली और जयपुर में जश्न मनाया गया। भारत 24 के CEO और एडिटर-इन-चीफ डॉ. जगदीश चंद्र नोएडा कार्यालय में चैनल की टीम के साथ खुशी के इस जश्न में शामिल रहे। सहयोगी चैनल फर्स्ट इंडिया न्यूज के CEO एवं मैनेजिंग एडिटर पवन अरोड़ा ने जयपुर से टीम के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से डॉ. जगदीश चंद्र और उनकी टीम को बधाई दी। इस मौके पर डॉ. जगदीश चंद्र ने टीम को बधाई देते हुए कहा कि खबरों को फर्स्ट ब्रेक करके चैनल ने अपनी पहचान पूरे भारत में बना ली है।*



### देश की हर धड़कन को आवाज देने का मंच

भारत-24 सिर्फ एक न्यूज चैनल नहीं, बल्कि देश की हर धड़कन को आवाज देने का मंच है। भारत-24 और फर्स्ट इंडिया की पूरी टीम को बधाई। इस सपने को साकार करने में पूरी टीम के जुनून, अथक परिश्रम और कमिटमेंट का योगदान रहा है। इन तीन वर्षों में पूरी टीम हर सुख-दुख में एक साथ खड़ी रही है। आज हमारी क्रेडिबिलिटी को सरकार ने भी स्वीकारा है और उच्च स्तर तक हमारी तारीफ होती है, इसके लिए पूरी टीम बधाई की पात्र है। हमारी टीम की यह विशेषता है कि एक बार जो हमारे यहां आता है, वह यहीं रुक जाता है। 15 साल से ज्यादा समय से हमारी टीम वही चली आ रही है, यही हमारी सफलता है। हमारा लक्ष्य है कि हर भारतीय की कहानी दुनिया तक पहुंचे। खबरों को फर्स्ट ब्रेक करके चैनल ने अपनी पहचान पूरे भारत में बना ली है।

**-डॉ. जगदीश चंद्र**



डॉ. जगदीश चंद्र केक काटते हुए। साथ में हैं मनोज जग्यासी, सैयद उमर, अनीता हाड़ा, पूर्णिमा मिश्रा, अदिति नागर, देवेंद्र पाठक, अनु श्रीधर, भीम शंकर सिंह नेगी, प्रिया राज, आकांक्षा, प्रीति, शान, अमित राज, आशीष मल्होत्रा, संदीप मिश्रा, शशिकेश रंजन और अन्य।



पूर्णिमा मिश्रा और एंकर टीम।



पवन अरोड़ा के साथ राजेंद्र छाबड़ा, जिनेंद्र सिंह शेखावत, श्वेता मिश्रा अवस्थी, ललित गंगवानी, विशाल माथुर, आशीष अमन और अन्य।

### टीम की मेहनत और समर्पण से मिली सफलता

फर्स्ट इंडिया न्यूज के CEO और मैनेजिंग एडिटर पवन अरोड़ा ने कहा, यह उपलब्धि पूरी टीम की मेहनत और समर्पण का नतीजा है। हमारा कारवां यूं ही आगे बढ़ता रहेगा। 'फास्ट, फैक्चुअल, फीयरलेस टू जनरेट फेथ ऑफ द व्यूअर' ध्येय वाक्य के साथ आगे बढ़ते हुए भारत-24 ने मीडिया वर्ल्ड में भारत में अपनी एक अलग पहचान बनाई है।



संबोधित करतीं अनीता हाड़ा।



स्वागत करती पूर्णिमा मिश्रा। इस दौरान मौजूद डॉ. जगदीश चंद्र, मनोज जग्यासी और अन्य।



मनोज जग्यासी संबोधित करते हुए। इस मौके पर मौजूद डॉ. जगदीश चंद्र।





वरुण जैन, शान नंदा, सुमित कुमार, अदिति नागर, अक्षय कुमार राय, गौरव कुमार और इंद्र सेन।



डॉ. जगदीश चंद्र को बधाई देते भारत-24 के पूर्व मैनेजिंग एडिटर अजय कुमार। साथ में हैं बाएं से अनु श्रीधर, मनोज जग्यासी, पूर्णिमा मिश्रा, अजय कुमार, अनीता हाड़ा, अदिति नागर, सैयद उमर और देवेंद्र पाठक।



अदिति नागर भारत-24 के ऑन-ग्राउंड ब्रांडिंग की प्रस्तुति देते हुए। इस मौके पर मौजूद डॉ. जगदीश चंद्र।

### कुशल नेतृत्व शानदार प्रदर्शन का मजबूत स्तंभ



अच्छा लगता है जब सपने पूरे होते हैं और जब वे अपनों के सपने हों तो और भी अच्छा लगता है। अगर ये सपने पूरे हुए हैं तो इसका श्रेय JC सर और पूरी टीम को जाता है। भारत-24 ने अपने इस छोटे से सफर में कई मील के पत्थर हासिल किए हैं। 30 सेकंड में खबर ब्रेक करने की तेजी से लेकर हर राज्य की खबरों को कवर करने तक चैनल ने अपनी विश्वसनीयता और पहुंच को साबित किया है।

**-अनीता हाड़ा,**
कंसल्टिंग एडिटर, भारत-24

### JC सर की वजह से हमारी पहचान



भारत-24 ने पत्रकारिता में नया मानदंड स्थापित किया है। जब हम रिपोर्टर फील्ड में होते हैं, तो हमारी पहली पहचान और सम्मान JC सर की वजह से होता है। यह पहचान और सम्मान JC सर की अथाह मेहनत और विजन का नतीजा है।

**-अदिति नागर,**
पॉलिटिकल एडिटर, भारत-24

### दोनों चैनलों में भाई-बहन जैसा रिश्ता



फर्स्ट इंडिया और भारत-24 चैनल का रिश्ता भाई-बहन जैसा है। दोनों टीमों के बीच प्यार और सहयोग काबिले तारीफ है और यह हमेशा रहेगा।

**श्वेता मिश्रा अवस्थी,** एसोसिएट एडिटर, फर्स्ट इंडिया

### हमारी ताकत, हमारी विश्वसनीयता



तीन वर्ष पहले भारत24 ने एक स्पष्ट मिशन के साथ अपनी यात्रा शुरू की थी - ऐसी खबरें पहुंचाना जो तेज, भरोसेमंद और देश के हर कोने की सच्ची तस्वीर पेश करें। आज हम गर्व से खड़े हैं, क्योंकि हमने ऐसा मंच तैयार किया है जो गांव से लेकर सबसे बड़े शहर तक, हर आवाज को बराबर सम्मान देता है। हमारी ताकत सिर्फ हमारी गति और पहुंच में ही नहीं, बल्कि हमारी विश्वसनीयता में है।

**मनोज जग्यासी,** चैनल के CBO एवं स्ट्रैटेजिक एडवाइजर

## ‘मोदी है तो मुमकिन है...’ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अनकही कहानियां- भाग 43

# नमो संस्कृतियों से जुड़ाव

**विश्लेषकों के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अक्सर अपने भाषणों की शुरुआत स्थानीय लोगों का उनकी मातृभाषा में अभिवादन करके करते हैं, जिससे तुरंत एक व्यक्तिगत जुड़ाव बन जाता है- जो एक महान नेतृत्व की पहचान है। वे योग को एक अभ्यास से वैश्विक सांस्कृतिक सेतु बनाने वाले पहले राष्ट्रीय नेता भी हैं, जिन्होंने विभिन्न महाद्वीपों और मान्यताओं के लोगों को एकजुट किया और बहुत कुछ...**



*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 21 जून, 2025 को विशाखापत्तनम में 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योग सत्र के बाद प्रतिभागियों के साथ बातचीत करते हुए।*

## मोदी जी के लिए छोटे से छोटा व्यक्ति भी अहम होता है

मोदी जी की एक बड़ी विशेषता है कि वे लोगों के साथ इस तरह से मिल-जुल जाते हैं कि कई बार यकीन ही नहीं होता है कि आप देश के प्रधानमंत्री के साथ हैं। मुझे 2019 के चुनावी मौसम का एक वाकया याद है, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बिहार के जमुई जिले के खैरा नामक स्थान पर एक रैली के लिए आए थे। यह बिहार में मोदी जी की उस चुनावी मौसम की पहली रैली थी। उस समय मंच पर उनके साथ काम कर रहा एक कार्यकर्ता अचानक गिर पड़ा और उसे सिर की गंभीर चोट आ गई। मोदी जी को उसी समय गया के लिए रवाना होना था, जो काफी दूर था। गया में उनका अगला कार्यक्रम था। लेकिन, जैसे ही उन्हें घटना के बारे में पता चला, उन्होंने अपनी यात्रा रोक दी और तब तक रुके रहे जब तक उस घायल कार्यकर्ता को अस्पताल ले जाने के लिए गाड़ी में नहीं बैठा दिया गया। जाने के बाद भी वह लगातार उस कार्यकर्ता की स्थिति पर नजर बनाए रहे। गया में कार्यक्रम शुरू होने से पहले, कार्यक्रम के दौरान और उसके बाद भी उन्होंने खुद फोन कर जानकारी ली। यहां तक कि जब हम उस व्यक्ति को पहले जमुई के अस्पताल और फिर पटना लेकर जा रहे थे, उसी दौरान मोदी जी का हेलीकॉप्टर से कॉल आया। उन्होंने निर्देश दिए कि



**मिथलेश कुमार तिवारी**
भूतपूर्व एमएलए, बिहार


अगर जमुई के अस्पताल में इलाज की सही सुविधा न हो, तो उसे तुरंत पटना शिफ्ट किया जाए। जब तक हम पटना पहुंचे, तब तक मेरे मोबाइल पर मोदी जी के तीन कॉल आ चुके थे और उनके एक अधिकारी का भी कॉल आया था, जिन्होंने कार्यकर्ता की स्थिति और किसी जरूरत के बारे में पूछा। यह जो संवेदनशीलता और मानवीयता मोदी जी ने दिखाई, वह किसी आम राजनेता में नहीं देखी जाती। सबसे छोटे से छोटे कार्यकर्ता या सामान्य से सामान्य व्यक्ति के प्रति यह अपनापन और चिंता नरेंद्र मोदी को सिर्फ एक नेता नहीं, बल्कि जन-नेता बनाती है। हम सभी उस दिन हैरान भी थे और कृतज्ञ भी कि देश के प्रधानमंत्री ने महज एक कार्यकर्ता की इतनी गहराई से चिंता की। अपनी व्यस्त दिनचर्या के बीच उन्होंने अपना समय सिर्फ इस बात की तसल्ली में लगाया कि उस व्यक्ति को सही इलाज मिल रहा है या नहीं। पीएम की एक और बात जो खास है, वह यह है कि वो जिस जगह जाते हैं, वहां के लोगों, संस्कृति और बोलचाल को समझने की कोशिश करते हैं। वो उस इलाके की भाषा के कुछ शब्द जरूर सीखते हैं और रैली की शुरुआत उन्हीं शब्दों से करते हैं। इससे लोगों के साथ एक तुरंत जुड़ाव बनता है और वे खुद को मोदी जी के करीब महसूस करते हैं। ऐसी ही विशेषताएं किसी साधारण राजनेता को असाधारण राज्यकर्ता बनाती है।




**07 अगस्त 2025** के अंक में
**आपने पढ़ा पार्ट- 42**

## मोदी जी ने योग को वैश्विक उत्सव बना दिया

योग की महत्ता को आज सारा विश्व समझ चुका है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने में अहम भूमिका निभाई है। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस भी एक ऐसा ही वैश्विक अभियान है, जिसकी शुरुआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदृष्टि से हुई थी। 2014 में उन्होंने संयुक्त राष्ट्र महासभा में योग को वैश्विक मंच पर लाने का प्रस्ताव रखा। इस ऐतिहासिक पहल को बहुत कम समय में ही 177 देशों का समर्थन मिला और 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया गया। यह दिन आज न सिर्फ भारत की विरासत का प्रतीक बन गया है, बल्कि स्वास्थ्य, सामंजस्य और वैश्विक एकता का भी प्रतीक बन चुका है। नरेंद्र मोदी पहले ऐसे राष्ट्रीय नेता हैं, जिन्होंने योग को सिर्फ एक व्यायाम नहीं बल्कि आत्मिक और वैश्विक परिवर्तन का माध्यम माना। उन्होंने योग को संस्कृतियों, महाद्वीपों और विचारधाराओं को जोड़ने वाली ताकत के रूप में प्रस्तुत किया। दिल्ली के राजपथ पर हुए सामूहिक योग कार्यक्रमों से लेकर दुनिया के 190 से अधिक देशों में इसकी



**स्वामी डॉ. भारत भूषण देव**
योगगुरु, सहारनपुर, यूपी

भागीदारी तक, मोदी जी के प्रयासों ने योग को विश्व स्तर पर एक बड़े उत्सव में बदल दिया है। अब योग केवल साधकों या धार्मिक व्यक्तियों तक सीमित नहीं, बल्कि छात्रों, सैनिकों, कंपनियों में काम करने वालों और आम लोगों की दिनचर्या का हिस्सा बन गया है। इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन आंध्र प्रदेश के विशाखापट्टनम (विजाग) में हुआ, जो इस बात का प्रतीक है कि भारत के कोने-कोने से अब लोग इस आंदोलन में भाग ले रहे हैं। योग अब एक भारतीय परंपरा के रूप में नहीं, बल्कि भारत का संदेश बनकर पूरी दुनिया को शांति, आत्म-संतुलन और सामूहिक कल्याण का रास्ता दिखा रहा है। मोदी जी केवल प्रधानमंत्री नहीं, बल्कि एक सच्चे योगी हैं। जब वह पहली बार सहारनपुर में मिले थे, उन्होंने कहा था, “हमें योग को बहुत ऊंचाइयों तक ले जाना है।” उस वाक्य में जो विश्वास और नीयत थी, वह आज योग को वैश्विक आंदोलन में बदल चुकी है। मोदी जी हमेशा कहते हैं कि कोई भी युद्ध, हथियार या विस्तारवादी नीति अंत में नहीं जीत सकती- सच्चा विजेता वही है, जो दिल जीतता है। और यही है योग का मूल भाव- स्वीकार्यता, एकता और समरसता। एक खास बात यह रही कि मोदी जी ने योग को किसी धर्म से जोड़ने की बजाय, इसे सार्वभौमिक और सभी के लिए उपयोगी बताया। उन्होंने कहा था, “क्या डायबिटीज का कोई धर्म है? क्या तनाव या चिंता किसी विशेष संप्रदाय को होती है? नहीं न? तो फिर योग को किसी धर्म से क्यों जोड़ा जाए?” यही सोच थी कि आज योग को हर वर्ग, हर धर्म, और हर देश के लोगों ने अपनाया है। सेना के जवान हों, ऑफिस में काम करने वाले लोग हों, खिलाड़ी हों या गृहिणियां- योग सभी की ज़रूरत बन चुका है। पिछले वर्ष नरेंद्र मोदी जी ने एक और पहल की, जब उन्होंने 21 दिसंबर को अंतरराष्ट्रीय ध्यान दिवस (Meditation Day) की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में हम योग के स्वास्थ्य लाभों की बात करते आए हैं, अब समय है कि दुनिया को इसके आध्यात्मिक और दार्शनिक पक्ष से भी परिचित कराया जाए। मोदी जी की सोच हमेशा ‘वसुधैव कुटुंबकम’ और ‘सबका साथ, सबका विकास’ की रही है। उन्होंने योग को कभी भी एक समुदाय विशेष से नहीं जोड़ा, बल्कि इसे दुनिया के सामने एक ‘सेक्युलर’ और जीवनशैली का हिस्सा बताया। यही कारण है कि योग को आज इतनी व्यापक स्वीकृति मिली है। योग दिवस आज हमें यह याद दिलाता है कि शरीर, मन और आत्मा का संतुलन ही सच्चे विकास का आधार है। और यही संतुलन भारत ने दुनिया को योग के माध्यम से दिया है- एक ऐसा उपहार, जो आज करोड़ों लोगों के जीवन को बदल रहा है।

**संपादन एवं संकलन**
शशिकांत शर्मा

## भारत बनेगा खेल कानून लागू करने वाला 21वां देश

# अगले छह महीने में लागू कर दिया जाएगा खेल विधेयक: मांडविया

■ राष्ट्रीय खेल बोर्ड और पंचाट का होगा गठन

एजेंसी | नई दिल्ली

खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने बुधवार को बताया कि संसद में सुचारू रूप से पारित होने के बाद ऐतिहासिक राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक अगले छह महीने में लागू कर दिया जाएगा। संसद के दोनों सदनों में विधेयक पारित होने के बाद मांडविया ने विधेयक के उस प्रावधान को 'मानक सुरक्षा' के रूप में उचित ठहराया जो सरकार को असाधारण परिस्थितियों में भारतीय टीमों और व्यक्तिगत खिलाड़ियों की अंतरराष्ट्रीय भागीदारी पर 'उचित प्रतिबंध लगाने' का विवेकाधीन अधिकार देता है। मांडविया ने कहा कि इस विधेयक के पारित होने से भारत खेल कानून लागू करने वाला 21वां देश बन जाएगा। इसके सबसे अहम प्रावधानों के कार्यान्वयन के लिए एक राष्ट्रीय खेल बोर्ड की स्थापना की जरूरत होगी, जो राष्ट्रीय खेल महासंघों (एनएसएफ) को मान्यता प्रदान करेगा और विवादों के समाधान के लिए एक राष्ट्रीय खेल पंचाट तथा एनएसएफ चुनावों की देखरेख के लिए एक राष्ट्रीय खेल चुनाव पैनल (एनएसईपी) का गठन किया जाएगा।



### स्वतंत्रता के बाद खेलों में सबसे बड़ा सुधार

खेल मंत्री ने कहा, "पदों को बनाने के लिए और अन्य प्रशासनिक अनुमोदन के लिए कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग तथा व्यय विभाग की स्थापित प्रक्रियाओं का पालन किया जाएगा।" उन्होंने आगे कहा, "इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि दोनों संस्थान (एनएसबी और एनएसटी) यथाशीघ्र वैधानिक और प्रक्रियात्मक जरूरतों के अनुरूप पूरी तरह से संचालित हो जाएं।" उन्होंने यह भी दोहराया कि यह विधेयक 'स्वतंत्रता के बाद से खेलों में सबसे बड़ा सुधार' है। इस विधेयक का एनएसएफ और खिलाड़ियों दोनों ने व्यापक समर्थन किया है। भारतीय ओलंपिक संघ पहले इसे लेकर संशय में था लेकिन उसने भी खेल मंत्री के साथ गहन चर्चा के बाद इसका समर्थन किया है।

### पाकिस्तान से मैच पर सरकार लेगी फैसला

खेल मंत्री ने कहा कि विधेयक के पारित होने के बाद अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में भारत की भागीदारी पर अंतिम फैसला सरकार का होगा, जिसमें राष्ट्रीय सुरक्षा, राजनयिक बहिष्कार और वैश्विक आपात स्थितियों को ध्यान में रखा जाएगा। सरकार को यह अधिकार असाधारण परिस्थितियों में लागू करने का प्रावधान है, जो ओलंपिक चार्टर और अंतरराष्ट्रीय खेल संस्थाओं के नियमों के अनुरूप होगा। 2008 के मुंबई हमलों के बाद पाक के साथ द्विपक्षीय क्रिकेट बंद हो गया था और कई मुकाबले तटस्थ स्थानों पर आयोजित किए गए।

### खिलाड़ियों का प्रतिनिधित्व होगा मजबूत

विधेयक में खिलाड़ियों के प्रतिनिधित्व को मजबूत करने पर भी ध्यान दिया गया है। इसमें हर राष्ट्रीय खेल संघ की कार्यकारी समिति में कम से कम चार महिलाएं और दो उत्कृष्ट एथलीट शामिल करने का प्रावधान है, जिससे महिला एथलीटों की भागीदारी बढ़ेगी। खेल मंत्री मांडविया ने भरोसा जताया कि यह नया कानून भारत के खेल क्षेत्र में सुधार लाएगा और अगले दो दशकों में भारत को शीर्ष पांच विश्वस्तरीय देशों में लाने की रणनीति तैयार की जाएगी।

---

### कबूतर विवाद: बीच का समाधान निकालेंगे फडणवीस



**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बुधवार को कहा कि सार्वजनिक स्थानों पर कबूतरों को दाना डालने के मुद्दे पर स्वास्थ्य और धार्मिक भावनाओं के बीच संतुलन बनाते हुए बीच का रास्ता निकाला जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि कुछ लोग इस मुद्दे का राजनीतिकरण कर रहे हैं, लेकिन वे सफल नहीं होंगे। बृहन्मुंबई महानगर पालिका (बीएमसी) ने स्वास्थ्य कारणों से दादर स्थित कबूतरखाने सहित कई स्थानों को बंद किया है, जिसका विरोध भी हुआ है। फडणवीस ने सुझाव दिया कि कबूतरों को दाना डालने के लिए ऐसे विशेष स्थान बनाए जाएं जो मानव बस्तियों से दूर हों, ताकि लोगों के स्वास्थ्य और आस्था दोनों की रक्षा की जा सके।

### आपत्तिजनक पोस्ट पर लालू यादव को कोर्ट का नोटिस



**मुजफ्फरपुर।** राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव एक सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर कानूनी संकट में घिर गए हैं। एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर "बिहार = बलात्कार" लिखने और उसे कई बार साझा करने के मामले में मुजफ्फरपुर की अदालत ने उन्हें नोटिस जारी किया है। यह टिप्पणी बिहारवासियों की भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाली मानी गई है। एडवोकेट सुधीर ओझा ने 30 सितंबर 2024 को आपराधिक मुकदमा दर्ज कराया था। कोर्ट ने इसे गंभीर मानते हुए लालू यादव से जवाब तलब किया है। अगली सुनवाई 24 सितंबर को होगी। यादव पर बिहार की छवि खराब करने का आरोप है।

## एसआईआर पर सियासत: भाजपा ने विपक्ष पर लगाए आरोप

# विपक्षी नेताओं ने वोट चोरी कर लोकसभा चुनाव जीता: ठाकुर

**देश की नागरिकता मिलने से पहले ही वोटर लिस्ट में जुड़ गया था सोनिया गांधी का नाम**

**राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, अभिषेक बनर्जी और अखिलेश यादव के इस्तीफे की मांग**

एजेंसी | नई दिल्ली

बिहार में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर राजनीतिक घमासान तेज हो गया है। कांग्रेस समेत विपक्षी दलों ने निर्वाचन आयोग पर वोट चोरी का आरोप लगाया है। वहीं भाजपा ने इस पर पलटवार करते हुए विपक्षी नेताओं पर ही मतदाता पंजीकरण में अनियमितता के आरोप लगाए हैं। भाजपा नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने बुधवार को एक प्रेस वार्ता में कहा कि राहुल गांधी (वायनाड), प्रियंका गांधी (रायबरेली), अभिषेक बनर्जी (डायमंड हार्बर) और अखिलेश यादव (कन्नौज) ने वोट चोरी से लोकसभा चुनाव जीता है और उन्हें इस्तीफा देना चाहिए। ठाकुर ने स्लाइड-शो के जरिए इन क्षेत्रों में मतदाता सूचियों का विश्लेषण प्रस्तुत किया। उन्होंने तमिलनाडु की कोलाथुर और उत्तर प्रदेश की मैनपुरी सीटों पर भी मतदाता अनियमितताओं का हवाला देते हुए मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन और डिंपल यादव पर भी सवाल उठाए। ठाकुर ने आरोप लगाया कि विपक्षी नेता एसआईआर प्रक्रिया के खिलाफ दुष्प्रचार कर रहे हैं ताकि अवैध बांग्लादेशी घुसपैठियों के वोट बैंक को बचाया जा सके। भाजपा ने चुनाव आयोग से निष्पक्ष जांच की मांग की है। अनुराग ठाकुर ने दावा किया कि पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी का नाम 45 साल पहले, भले ही कुछ समय के लिए भारतीय नागरिकता मिलने से पहले ही अवैध रूप से मतदाता सूची में जोड़ा गया था। सोनिया गांधी जिनका जन्म 1946 में इटली में सोनिया माइनो के रूप में हुआ था, का नाम 1980 से 1982 तक मतदाता सूची में शामिल था। यह उनकी भारतीय नागरिकता प्राप्त करने से एक साल पहले की बात है।



अनुराग ठाकुर

### SIR की प्रक्रिया वोटर फ्रेंडली

उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को बिहार में चुनाव आयोग द्वारा शुरू की गई विशेष गहन मतदाता सूची पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया को चुनौती देने वाली याचिकाओं को खारिज कर दिया। अदालत ने कहा कि मतदाता सूची कभी "स्थिर" नहीं रह सकती और दस्तावेजों की संख्या बढ़ाना प्रक्रिया को "समावेशी और मतदाता अनुकूल" बनाता है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा कि पहले हुए संक्षिप्त पुनरीक्षण में जहां केवल सात दस्तावेज मान्य थे, वहीं एसआईआर में 11 दस्तावेज स्वीकार किए जा रहे हैं, जिससे यह प्रक्रिया अधिक समावेशी बन जाती है। एनजीओ 'एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स' (एडीआर), राष्ट्रीय जनता दल (राजद) और कांग्रेस समेत विपक्षी दलों ने इस प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए इसे कानूनी आधारहीन बताया और रद्द करने की मांग की थी।

### कांग्रेस ने जारी किया वीडियो

कांग्रेस ने मतदाता सूचियों में कथित 'धांधली' के खिलाफ अपने अभियान को तेज करते हुए बुधवार को एक वीडियो जारी कर लोगों से इससे जुड़ने की अपील की और चुनाव आयोग को 'इलेक्शन चोरी आयोग' करार दिया। मुख्य विपक्षी दल ने अपने विभिन्न सोशल मीडिया हैंडल के माध्यम से जो एक मिनट का वीडियो जारी किया है, उसमें दिखाया गया कि दो लोग एक मतदान केंद्र से बाहर निकलते हैं और वहां पहुंचे एक बुजुर्ग पुरुष और एक महिला से कहते हैं कि वे वापस चले जाएं, क्योंकि वो उनका वोट पहले ही डाल चुके हैं। इस वीडियो में चुनाव आयोग के लिए 'इलेक्शन चोरी' आयोग लिखा गया है।

## 'हर घर तिरंगा' अभियान

# अमित शाह ने घर पर फहराया तिरंगा



एजेंसी | नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत बुधवार को अपने आवास पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया और कहा कि यह पहल एक जन आंदोलन बन गई है जो देशभक्ति की भावना को मजबूत करती है। 'हर घर तिरंगा' एक अभियान है जो 'आजादी का अमृत महोत्सव' के तत्वावधान में लोगों को भारत की आजादी के उपलक्ष्य में तिरंगा घर लाने और उसे फहराने के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से शुरू किया गया था। शाह ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''आज 'हर घर तिरंगा' अभियान के अंतर्गत अपने आवास पर तिरंगा फहराया।'' उन्होंने अपनी पत्नी सोनल के साथ ध्वज फहराया। गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में शुरू हुआ 'हर घर तिरंगा' अभियान आज देश को एकता के सूत्र में पिरोने और राष्ट्रप्रेम की भावना को और भी प्रबल बनाने वाला जन-अभियान बन गया है। उन्होंने कहा कि यह अभियान दर्शाता है कि असंख्य स्वतंत्रता सेनानियों ने अपने त्याग, तप और समर्पण से जिस आजाद भारत का सपना साकार किया था, उसे विकसित और सर्वश्रेष्ठ बनाने के लिए 140 करोड़ देशवासी संकल्पित हैं।

## कठुआ जिले में निकाली तिरंगा रैली

# ऑपरेशन सिंदूर ने दिया प्रौद्योगिकी के सफल उपयोग का अवसर: जितेंद्र सिंह

एजेंसी | जम्मू

केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को रक्षा क्षेत्र में प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल और देश की सुरक्षा का श्रेय देते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने इस प्रौद्योगिकी को सफलतापूर्वक इस्तेमाल करने का अवसर दिया।

उन्होंने कहा कि मोदी ने खुद श्रीनगर के लाल चौक पर राष्ट्रध्वज फहराने के लिए अपनी जान जोखिम में डाली थी और आज घाटी में हर हाथ तिरंगा थामे हुए है। पाकिस्तान की ओर से बार-बार दी जा रही धमकियों के बारे में एक पत्रकार के सवाल के जवाब में उन्होंने कहा, 'मुझे इस पर ज्यादा टिप्पणी करने की जरूरत नहीं है, क्योंकि विदेश मंत्रालय इसका संज्ञान लेगा।' जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में तिरंगा रैली का नेतृत्व करने वाले सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर को 22 अप्रैल के पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में भारत की प्रतिक्रिया बताया। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का श्रेय प्रौद्योगिकी को देते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा, 'ऑपरेशन सिंदूर से जो भी उपलब्धियां हासिल हुईं, वे पिछले 10 वर्षों में अपनाई गई प्रौद्योगिकी का परिणाम थीं।' उन्होंने कहा कि इस तकनीक का इस्तेमाल मोदी के सत्ता में आने के बाद शुरू हुआ।




### अवैध धर्मांतरण संशोधन विधेयक को मंजूरी

**देहरादून।** उत्तराखंड सरकार ने धर्मांतरण पर कड़ा कदम उठाते हुए धर्म स्वतंत्रता (संशोधन) विधेयक, 2025 को मंजूरी दे दी है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई कैबिनेट बैठक में पारित इस विधेयक में गंभीर मामलों में 20 वर्ष से आजीवन कारावास और भारी जुर्माने का प्रावधान है। विधेयक में डिजिटल माध्यम से प्रचार, प्रलोभन, मुफ्त शिक्षा, विवाह का वादा या दूसरे धर्म का महिमामंडन करने को अपराध की श्रेणी में रखा गया है। संवेदनशील वर्गों के लिए अलग से कठोर सजा के प्रावधान शामिल हैं।

## पाकिस्तान को एआईएमआईएम प्रमुख की दो टूक

# ब्रह्मोस मिसाइल है हमारे पास, उन्हें नहीं करनी चाहिए बकवास: ओवैसी

एजेंसी | नई दिल्ली

एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने एक बार फिर पाकिस्तान को कड़ी चेतावनी दी है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के कथित बयान "कोई पाकिस्तान से पानी की एक बूंद भी नहीं छीन सकता" पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए ओवैसी ने कहा कि ब्रह्मोस है हमारे पास... पाकिस्तान को ऐसी बकवास नहीं करनी चाहिए। इन धमकियों से भारत पर कोई असर नहीं पड़ेगा।

एशिया कप में भारत-पाकिस्तान क्रिकेट मैच पर भी ओवैसी ने विरोध जताते हुए कहा कि मैं क्रिकेट नहीं देखूंगा। जिस देश से युद्ध जैसी स्थिति हो, उसके साथ खेलने का क्या मतलब? पानी, व्यापार और बॉर्डर सब बंद हैं। ऐसे में क्रिकेट खेलने का कोई औचित्य नहीं।



तेलंगाना चुनाव के दौरान कांग्रेस नेता फिरोज खान द्वारा छह लाख फर्जी वोटों के आरोप पर ओवैसी ने तीखा जवाब देते हुए उन्हें ठुकराए हुए प्रेमी और चुनावी कीड़े कहा। उन्होंने मुस्लिम और दलित समुदाय से जरूरी दस्तावेज तैयार रखने की अपील की। SIR (विशेष गहन पुनरीक्षण) प्रक्रिया पर ओवैसी ने कहा कि यह गरीबों, खासकर दलितों और मुसलमानों के लिए सबसे कठिन साबित हो रही है। उन्होंने भाजपा पर नागरिकता पर सवाल खड़े करने की आशंका जताई।

## सोनप्रयाग में यात्रियों ने तोड़ा बैरिकेड, यात्रा पर अस्थायी ब्रेक

# केदारनाथ जाने पर अड़े श्रद्धालुओं को पुलिस ने खदेड़ा

एजेंसी | रुद्रप्रयाग

केदारनाथ यात्रा मार्ग पर सोनप्रयाग में पुलिस को कुछ यात्रियों पर हल्का बल प्रयोग करना पड़ा। दरअसल, यात्री केदारनाथ धाम जाने की मांग कर रहे थे और पुलिस ने खराब मौसम का हवाला देकर बैरिकेड लगाकर आगे जाने से मना कर दिया। इसके बाद भी यात्री जिद पर अड़े रहे। इतना ही नहीं, कुछ यात्रियों ने बैरिकेड भी तोड़ डाले। पुलिस ने स्थिति संभालने के लिए लाठियां फटकारी, तब जाकर यात्री तितर-बितर हुए। बता दें कि, 14 अगस्त तक केदारनाथ धाम की यात्रा बंद है। मौसम विभाग ने 14 अगस्त तक भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। इसलिए यात्रियों की सुरक्षा को देखते हुए उनको सोनप्रयाग से आगे नहीं जाने दिया जा रहा है। जानकारी के अभाव में भारी संख्या में आज तीर्थ यात्री सोनप्रयाग पहुंच गए, लेकिन पुलिस ने यात्रियों को सोनप्रयाग से आगे नहीं जाने दिया।

### यात्रियों के ऊपर लाठीचार्ज पर कांग्रेस हमलावर

सोनप्रयाग में यात्रियों के ऊपर लाठीचार्ज को लेकर कांग्रेस हमलावर हो गई है। कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता सुजाता पॉल का कहना है कि हरिद्वार, ऋषिकेश में यात्रियों को नहीं रोका जा रहा है। जब यात्री सोनप्रयाग पहुंच रहे हैं तो उन पर लाठीचार्ज किया जा रहा है। सुजाता पॉल ने कहा कि धामी सरकार को व्यवस्थाओं को ठीक करने की बजाय मेहमानों को लाठीचार्ज कर चोट पहुंचाई जा रही है। बेहतर होता पहले ही यात्रियों को बता दिया जाता कि वो केदार बाबा के द्वार तक नहीं जा सकते। सुजाता पॉल ने कहा कि यात्रियों का सम्मान करें और उनकी जीवन की सुरक्षा सरकार करे, लेकिन लाठीचार्ज कर उन्हें आघात पहुंचाया जा रहा है।



### बड़ी संख्या में पहुंच रहे यात्री

आक्रोशित यात्रियों ने सोनप्रयाग में लगाए गए बैरियर को तोड़ दिया और आगे की ओर बढ़ने लगे। यात्रियों को केदारनाथ धाम जाने से रोकने के लिए पुलिस ने यात्रियों को वहां से तिबर-बितर किया। इसके बाद तीर्थ यात्री सोनप्रयाग में इधर-उधर भागते नजर आए। बता दें कि, इस वक्त केदारनाथ धाम जाने के लिए बड़ी संख्या में यात्री सीतापुर और सोनप्रयाग पहुंचे हुए हैं।

## जम्मू-कश्मीर

# सुप्रीम कोर्ट में राज्य दर्जा बहाली पर सुनवाई आज

एजेंसी | नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा बहाल करने की याचिका पर गुरुवार को सुनवाई करेगा। यह याचिका शिक्षाविद् जहूर अहमद भट और सामाजिक कार्यकर्ता खुर्शीद अहमद मलिक ने दायर की है। मुख्य न्यायाधीश बी. आर. गवई और न्यायमूर्ति के. विनोद चंद्रन की पीठ इस मामले की सुनवाई करेगी। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि राज्य का दर्जा बहाल करने में देरी से जम्मू-कश्मीर में लोकतांत्रिक प्रक्रिया प्रभावित हो रही है, जो संघवाद जैसे संवैधानिक सिद्धांत का उल्लंघन है। गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट ने 11 दिसंबर 2023 को अनुच्छेद 370 को हटाने के फैसले को सही ठहराया था और केंद्र सरकार को सितंबर 2024 तक विधानसभा चुनाव कराने और जल्द से जल्द राज्य का दर्जा बहाल करने का निर्देश दिया था। याचिका में कहा गया है कि राज्य में हाल ही में शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न हुए हैं और किसी प्रकार की हिंसा या असुरक्षा नहीं देखी गई है, ऐसे में राज्य का दर्जा बहाल करने में कोई व्यावहारिक रुकावट नहीं है।



## 79वें स्वतंत्रता दिवस समारोह की फुल ड्रेस रिहर्सल




*नई दिल्ली। लाल किला परिसर में बुधवार को स्कूली छात्रों ने 79वें स्वतंत्रता दिवस समारोह की फुल ड्रेस रिहर्सल की।*

### भारतीय ओलंपिक संघ ने दी मंजूरी

# 2030 राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी के लिए बोली लगाएगा भारत

**एजेंसी** | नई दिल्ली

भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने बुधवार को यहां अपनी विशेष आम बैठक (एसजीएम) के दौरान 2030 में होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी के लिए देश की बोली को औपचारिक रूप से मंजूरी दे दी।

भारत ने 2030 के राष्ट्रमंडल खेलों के लिए अहमदाबाद को मेजबान शहर बनाते हुए पहले ही आशय पत्र जमा कर दिया है। भारत को हालांकि 31 अगस्त




की समय सीमा से पहले अंतिम बोली के लिए प्रस्ताव जमा करने होंगे। कनाडा के दौड़ से बाहर हो जाने के बाद भारत के लिए 2030 राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी पाने की संभावनाएं बढ़ गई हैं। राष्ट्रमंडल खेल निदेशक डैरेन हॉल के नेतृत्व में राष्ट्रमंडल खेल के अधिकारियों की एक टीम ने हाल ही में आयोजन स्थलों का निरीक्षण करने तथा गुजरात सरकार के अधिकारियों से चर्चा करने के लिए अहमदाबाद का दौरा किया था। इस महीने के अंत में राष्ट्रमंडल खेलों के एक प्रतिनिधिमंडल के अहमदाबाद पहुंचने की संभावना है। राष्ट्रमंडल खेलों की आम सभा नवंबर के आखिरी हफ्ते में ग्लासगो में मेजबान देश का फैसला करेगी।

## चीन के विदेश मंत्री 18 अगस्त को आएंगे भारत



**नई दिल्ली।** चीन के विदेश मंत्री वांग यी 18 अगस्त को भारत पहुंचेंगे और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल के साथ सीमा मुद्दों पर विशेष प्रतिनिधि (एसआर) स्तर की वार्ता करेंगे। यह बैठक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन में प्रस्तावित चीन यात्रा से पहले हो रही है। सूत्रों के मुताबिक, वार्ता का उद्देश्य सीमा विवाद पर प्रगति करना और दोनों देशों के बीच गतिरोध को सुलझाना है। पिछले साल दिसंबर में डोभाल ने चीन जाकर वांग से इसी स्तर की वार्ता की थी। यह बातचीत मोदी-शी बैठक के बाद दोनों देशों के बीच वार्ता तंत्र को पुनः सक्रिय करने की दिशा में एक अहम कदम है।

## छत्तीसगढ़: सुरक्षाबलों से मुठभेड़ में दो नक्सली ढेर



**मोहला।** छत्तीसगढ़ के मानपुर-मोहला-अंबागढ़ चौकी जिले में बुधवार को सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में दो नक्सली मारे गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मुठभेड़ मदनवाड़ा इलाके के जंगल में उस समय हुई जब सुरक्षाबलों का एक दल नक्सल विरोधी अभियान पर निकला था। उन्होंने बताया कि गोलीबारी बंद होने के बाद, घटनास्थल से दो नक्सलियों के शव बरामद किए गए। अधिकारियों ने बताया कि क्षेत्र में सुरक्षाबलों का खोज अभियान जारी है।

### ट्रंप की धमकियों के बीच विदेश मंत्री का अहम दौरा

# भारत-रूस संबंधों में मजबूती जयशंकर जल्द जाएंगे रूस

- भारत और रूस के बीच 21 अगस्त को अहम बैठक
- पुतिन के भारत दौरे की तैयारियों पर चर्चा संभव

**एजेंसी** | नई दिल्ली

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाए जाने के बाद भारत-रूस संबंधों में नई गर्माहट देखी जा रही है।

हाल ही में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने रूस का दौरा कर मॉस्को में राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और अन्य शीर्ष अधिकारियों से मुलाकात की। अब भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर भी जल्द रूस के दौरे पर जाएंगे, जहां वे 21 अगस्त को रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव से महत्वपूर्ण बातचीत करेंगे। रूसी विदेश मंत्रालय ने इस बैठक की जानकारी सोशल मीडिया पर साझा की है, जिसमें दोनों नेता अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सहयोग के कई अहम मुद्दों पर चर्चा करेंगे। इसके अलावा, द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत बनाने पर भी बात होगी। इस वर्ष के अंत में पुतिन के भारत दौरे की तैयारियों को लेकर भी इस बैठक में चर्चा की संभावना है।

### भारत-अमेरिका संबंधों में खटास

जयशंकर का यह दौरा ऐसे समय पर हो रहा है, जब भारत-अमेरिका संबंधों में खटास आई है। अमेरिकी टैरिफ भारत को रूस से तेल खरीदने और यूक्रेन संकट में कथित भूमिका के कारण लगाए गए हैं। साथ ही, अमेरिका पाकिस्तान के साथ अपनी नजदीकियां बढ़ाने में भी व्यस्त है, जिससे भारत ने अपने रणनीतिक विकल्पों पर पुनर्विचार शुरू कर दिया है। भारत-रूस की बढ़ती नजदीकियां दक्षिण एशिया की भू-राजनीतिक तस्वीर को नए सिरे से आकार दे रही हैं और यह स्पष्ट संकेत है कि भारत अपने राष्ट्रीय हितों के लिए सभी संभावनाओं को तलाश रहा है।

## भारत-सिंगापुर के बीच द्विपक्षीय सहयोग पर चर्चा



*नई दिल्ली। भारत-सिंगापुर मंत्री स्तरीय गोलमेज सम्मेलन में चर्चा करते दोनों देशों के शीर्ष मंत्री।*

**एजेंसी** | नई दिल्ली

भारत और सिंगापुर ने बुधवार को अपने शीर्ष मंत्रियों की बैठक के दौरान उन्नत प्रौद्योगिकी, व्यापार, संपर्क और डिजिटलीकरण के क्षेत्रों में अपने द्विपक्षीय सहयोग को और बढ़ाने के तरीकों पर विचार किया। यह चर्चा नई दिल्ली में आयोजित तीसरे भारत-सिंगापुर मंत्रिस्तरीय गोलमेज सम्मेलन (आईएसएमआर) में हुई। विदेश मंत्री एस जयशंकर, वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सिंगापुर के छह मंत्रियों के साथ आईएसएमआर में हिस्सा लिया।

सिंगापुर के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व उप प्रधानमंत्री एवं व्यापार एवं उद्योग मंत्री गान किम योंग ने किया। प्रतिनिधिमंडल में राष्ट्रीय सुरक्षा एवं गृह मंत्री के षणमुगम, विदेश मंत्री विवियन बालाकृष्णन, डिजिटल विकास एवं सूचना मंत्री जोसेफिन तेओ, जनशक्ति मंत्री तान सी लेंग और कार्यवाहक परिवहन मंत्री जेफरी सिओ शामिल थे। जयशंकर ने 'एक्स' पर कहा, ''आईएसएमआर की भारत सिंगापुर बिजनेस राउंडटेबल आईएसबीआर प्रतिनिधिमंडल के साथ सार्थक बातचीत हुई। सरकार और उद्योग के बीच तालमेल भारत-सिंगापुर संबंधों के अगले चरण को गति देने के लिए महत्वपूर्ण है।''

### ऑनलाइन सट्टेबाजी एप मामला

# ईडी ने क्रिकेटर सुरेश रैना से की पूछताछ



**एजेंसी** | नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पूर्व भारतीय क्रिकेटर सुरेश रैना से कथित अवैध सट्टेबाजी एप '1 एक्सबेट' से जुड़े धन शोधन मामले में बुधवार को पूछताछ की। रैना को पीएमएलए के तहत उनके संबंध, प्रचार से कमाई और एप से संबंधित संचार के बारे में जानकारी जुटाने के लिए बयान दर्ज किया गया। ईडी ने पहले गूगल और मेटा के प्रतिनिधियों से भी पूछताछ की है और 'परिमैच' नामक ऑनलाइन सट्टेबाजी एप के खिलाफ कई राज्यों में तलाशी भी ली गई। एजेंसी इस मामले में करोड़ों रुपए की ठगी और कर चोरी की जांच कर रही है। विश्लेषकों के अनुसार, भारत में ऑनलाइन सट्टेबाजी एप के लगभग 22 करोड़ उपयोगकर्ता हैं, जिनमें आधे नियमित हैं। इस बाजार का मूल्य 100 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक है और यह तेजी से बढ़ रहा है। सरकार ने 2022 से 2025 तक ऑनलाइन सट्टेबाजी प्लेटफॉर्म्स को ब्लॉक करने के लिए 1,524 आदेश जारी किए हैं। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने बताया कि जीएसटी खुफिया महानिदेशालय और राज्य-केन्द्र शासित प्रदेश अवैध सट्टेबाजी के खिलाफ कार्रवाई में सक्रिय हैं।

### न्यूज18 इंडिया डायमंड स्टेट्स समिट का भव्य आयोजन

# 'एक्ट ईस्ट नीति पूर्वोत्तर भारत के विकास का द्वार'

- मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तामांग ने भी रखे विचार

**बेधड़क** | सिक्किम

सिक्किम राजभवन में बुधवार को राष्ट्रीय समाचार चैनल न्यूज18 इंडिया की ओर से डायमंड स्टेट्स समिट सीजन-2 का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सिक्किम के राज्यपाल ओम प्रकाश माथुर मुख्य अतिथि रहे, जबकि मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तामांग विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। समिट में राज्य के विकास, संभावनाओं और नीति निर्धारण से जुड़े विषयों पर चर्चा हुई।




*सिक्किम के राज्यपाल ओम माथुर का स्वागत करते न्यूज18 इंडिया के कार्यकारी संपादक अमिताभ सिन्हा।*

राज्यपाल माथुर ने अपने अनुभव साझा करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की "एक्ट ईस्ट नीति" को पूर्वोत्तर भारत के विकास का प्रवेश द्वार बताया। उन्होंने कहा कि सिक्किम असीम संभावनाओं से भरा राज्य है, और यहां के स्थानीय उत्पाद राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय बाजार में सफल हो सकते हैं। राज्यपाल ने सिक्किमवासियों के अनुशासन, पर्यावरण प्रेम और नवाचार की प्रशंसा की और सीमांत गांवों के विकास में वायब्रेंट विलेज योजना की भूमिका को सराहा। उन्होंने सैनिकों के समर्पण को भी सम्मानपूर्वक याद किया। मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तामांग ने सिक्किम के आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक विकास पर अपनी सरकार के विजन को प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम का संचालन न्यूज18 इंडिया के कार्यकारी संपादक अमिताभ सिन्हा ने किया। समिट में मंत्री, विधायक, वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### वकील ने बिना अनुमति दायर की अर्जी

# राहुल गांधी की सुरक्षा को लेकर दाखिल की गई याचिका पर विवाद

**एजेंसी** | नई दिल्ली

वीर सावरकर पर की गई टिप्पणी को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ पुणे में चल रहे आपराधिक मानहानि के मामले में नया मोड़ आ गया है। राहुल के वकील ने उनकी सुरक्षा को लेकर चिंता जताते हुए एक याचिका अदालत में दाखिल की थी, लेकिन अब उन्होंने खुद ही माना है कि यह याचिका राहुल गांधी की अनुमति के बिना दाखिल की गई थी और वे इसे वापस लेंगे।

इस मामले में कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने एक्स (पूर्व में



ट्विटर) पर कहा कि राहुल गांधी ने इस याचिका पर कड़ा एतराज जताया है। खेड़ा ने वकील द्वारा जारी एक प्रेस नोट भी साझा किया, जिसमें लिखा था, "13 अगस्त 2025 को कोर्ट में जो पर्सिस दाखिल किया गया, वह मैंने अपने मुवक्किल की अनुमति के बिना किया था। इसकी सामग्री पर मैंने राहुल गांधी से चर्चा नहीं की थी। वे इससे असहमत हैं।"

वकील पवार ने कहा कि वे 14 अगस्त को कोर्ट में याचिका को वापस लेने की औपचारिक अर्जी देंगे। गौरतलब है कि राहुल गांधी के खिलाफ पुणे की विशेष सांसद-विधायक अदालत में सावरकर पर की गई टिप्पणियों को लेकर मानहानि का मामला चल रहा है।

### बाढ़ की जद में आई पुलिस चौकी में पानी घुसा

# हिमाचल में 5 जगह बादल फटे, 3 पुल टूटे... गाड़ियां बहीं

**एजेंसी** | शिमला

मौसम विभाग के भारी बारिश के ऑरेंज अलर्ट के बीच बुधवार को हिमाचल में पांच जगह बादल फटे हैं। श्रीखंड के भीमडवारी एवं नंती, किन्नौर के पूह, लाहौल के मयाड़ और कुल्लू की तीर्थन घाटी में बादल फटने से भारी नुकसान हुआ है। भीमडवारी और नंती में बादल फटने से आई बाढ़ में गानवी में दो शेड बह गए, जबकि छह पानी में डूब गए। यहां एक पुल क्षतिग्रस्त हो गया। बाढ़ की जद में आई पुलिस चौकी में पानी घुस गया। तीर्थन घाटी के बंजार में टिल्ला और दोगड़ा पुल भी क्षतिग्रस्त हुआ है। निरमंड की कुर्पण खड्ड उफान पर होने से बागीपुल बाजार खाली करवा लिया गया है। कुल्लू की तीर्थन घाटी में पांच गाड़ियां एवं चार कॉटेज बह गए। इस दौरान कॉटेज में कोई नहीं था। लाहौल की मयाड़ घाटी में करपट गांव को खाली कर 22 परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचा दिया है। हिमाचल के तीन जिलों चंबा, कांगड़ा और मंडी के कई क्षेत्रों में गुरुवार को भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

### दो नेशनल हाईवे समेत 323 सड़कें बंद

किन्नौर जिले के पूह में बादल फटने से होजो नाले में आई बाढ़ ने ऋषि डोगरी सड़क निर्माण में लगी मशीनरी को बहा दिया। आईटीबीपी कैंप के लिए काम कर रही कंपनी के पांच कर्मचारी फंस गए थे, जिन्हें रेस्क्यू कर सुरक्षित निकाला गया। बुधवार को प्रदेश के पांच स्थानों पर बादल फटने और भारी बारिश से हालात बिगड़ गए। शिमला समेत कई इलाकों में मूसलाधार बारिश हुई। भारी बारिश व भूस्खलन के कारण दो नेशनल हाईवे सहित 323 सड़कें बंद हो गई हैं। साथ ही 70 ट्रांसफार्मर और 130 पेयजल योजनाएं ठप हो गई हैं। श्रीखंड और रामपुर के नंती क्षेत्र में बादल फटने से कुर्पण में बाढ़ आ गई, जिससे पुल क्षतिग्रस्त हो गया। कई घरों को खाली कराया गया है।

### धराली: नौवें दिन भी जारी रहा तलाशी अभियान

उत्तरकाशी के धराली में पांच अगस्त को आई बाढ़ के बाद से लापता 68 लोगों की तलाश बुधवार को नौवें दिन भी जारी रही। खराब मौसम और खीरगाड़ नदी का बढ़ता जलस्तर बचाव कार्यों में बाधा बन रहा है। बह चुकी अस्थायी पुलिया को दोबारा बनाया गया है। सेना, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, आईटीबीपी, बीआरओ समेत कई एजेंसियां राहत व बचाव अभियान में जुटी हैं। ग्राउंड पेनीट्रेटिंग रडार और खोजी कुत्तों की मदद से खुदाई जारी है। प्रशासन मोबाइल लोकेशन डेटा से भी लापता लोगों की तलाश करेगा। हर्षिल में बनी झील को खोलने के प्रयास जारी हैं।




### भाजपा की पूर्व प्रवक्ता भी शामिल

# बॉम्बे हाई कोर्ट में तीन एडिशनल जज नियुक्त

**एजेंसी** | नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने बुधवार को बॉम्बे हाईकोर्ट में तीन वकीलों को अतिरिक्त जज के रूप में नियुक्त किया है। इनमें महाराष्ट्र भाजपा की पूर्व प्रवक्ता आरती अरुण साठे भी शामिल हैं। कानून मंत्रालय की तरफ से जारी जानकारी के अनुसार, जिन तीन वकीलों को यह जिम्मेदारी दी गई है, उनके नाम अजीत भगवान राव कडेठंकर, सुशील मनोहर घोडेस्वर, आरती अरुण साठे हैं। बता दें कि आरती साठे पहले महाराष्ट्र भाजपा की प्रवक्ता रह चुकी हैं। अब उन्हें न्यायपालिका की सेवा में नियुक्त किया गया है। अतिरिक्त जजों की



नियुक्ति आमतौर पर दो साल के लिए की जाती है। इस दौरान उनके काम और योग्यता का मूल्यांकन किया जाता है। इसके बाद, यदि सब कुछ ठीक रहता है, तो उन्हें स्थायी जज के रूप में भी पदोन्नत कर दिया जाता है। इन नियुक्तियों से बॉम्बे हाईकोर्ट में लंबित मामलों के निपटारे में तेजी आने की उम्मीद है।

## भारत24 की शानदार सफलता का दिल्ली के ताज मानसिंह होटल में जश्न

**बेधड़क, जयपुर।** भारत24- विजन ऑफ न्यू इंडिया ने बुधवार को अपनी तीन वर्ष की शानदार सफलता का जश्न मनाया। डॉ. जगदीश चंद्र के सशक्त नेतृत्व में 15 अगस्त 2022 को शुरू हुए इस चैनल ने तेजी से देश के शीर्ष समाचार नेटवर्क में अपनी जगह बनाई है। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि का उत्सव दिल्ली के प्रतिष्ठित ताज मानसिंह होटल में आयोजित किया गया। समारोह में डॉ. जगदीश चंद्र का ताज महल नई दिल्ली के एरिया डायरेक्टर-ऑपरेशंस एवं जनरल मैनेजर डॉ. अनमोल आहलूवालिया, होटल मैनेजर वेदागिरी राजाराम, एरिया डायरेक्टर-सेल्स एवं डीओएसएम दिव्या दत्ता, डायरेक्टर ऑफ कैटरिंग सेल्स भूमिका सैनी और स्टाफ ने गर्मजोशी से स्वागत किया। सभी ने भारत24 की इस उल्लेखनीय सफलता पर हार्दिक बधाई दी।






# City इवेंट्स

### डॉ. जयश्री पेड़ीवाल का सम्मान



**बेधड़क, जयपुर।** शिक्षाविद डॉ. जयश्री पेड़ीवाल को नगर निगम जयपुर ग्रेटर की ओर से आयोजित 'स्वच्छता योद्धा' सम्मान समारोह में सम्मानित किया गया। उन्हें यह सम्मान राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागडे, मंत्री झाबर सिंह खर्रा और नगर निगम जयपुर ग्रेटर की मेयर सौम्या गुर्जर ने दिया। इस मौके पर डॉ. जयश्री ने कहा कि स्वच्छता केवल सरकार की पहल नहीं, बल्कि हर नागरिक का कर्तव्य और नैतिक जिम्मेदारी है। हम सभी को मिलकर शहर को साफ बनाना है।

### सुरेन्द्र सिंह अध्यक्ष निर्वाचित



**बेधड़क, जयपुर।** शासन सचिवालय परिसर स्थित पंचायती राज विभाग की मंत्रालयिक समन्वय समिति के चार साल बाद संपन्न हुए चुनाव में सुरेन्द्र सिंह अध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुए। सहायक निर्वाचन अधिकारी रवि पंवार ने बताया कि सुरेन्द्र सिंह को 86 में से 73 तथा प्रतिद्वंद्वी संतोष ध्यानी को 13 मत मिले। सुरेन्द्र सिंह का शासन सचिवालय कर्मचारी संघ के अध्यक्ष कजोड़ मल मीणा और पंचायती राज विभाग मुख्यालय के अधिकारियों-कर्मचारियों ने माला पहनाकर स्वागत किया।

### विभाजन विभीषिका स्मृति प्रदर्शनी देखी



**बेधड़क, जयपुर।** भारतीय डाक विभाग के जयपुर नगर मंडल की ओर से एमआई रोड स्थित जयपुर जीपीओ में आयोजित 'विभाजन विभीषिका स्मृति प्रदर्शनी' का सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा ने अवलोकन किया। प्रवर अधीक्षक मोहनलाल मीणा ने बताया कि प्रदर्शनी में उन भयावह परिस्थितियों का चित्रण किया गया है, जब लाखों लोगों ने जान गंवाई और करोड़ों को विस्थापन का दंश झेलना पड़ा। इस अवसर पर प्रवर डाकपाल राजेश सैनी, बिजनेस पोस्ट मैनेजर गौरव जोशी, उप अधीक्षक आनंद सिंह, जनसंपर्क निरीक्षक नरेंद्र श्रीमाली, विपुल कुमार तिवारी, विकास तिवारी, राकेश वैष्णव, ओमप्रकाश मारू, संदीप शर्मा, मान सिंह और राजेंद्र सिंह उपस्थित रहे।

### गोकुलम-2025 का पोस्टर लान्च



**बेधड़क, जयपुर।** समरस भारत सेवा संस्थान की ओर से 16 अगस्त को चित्रकूट स्टेडियम में आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रम गोकुलम-2025 का पोस्टर लॉन्च किया गया। इस मौके पर संस्थान अध्यक्ष धनंजय सिंह, सचिव देवेंद्र शर्मा, कार्यक्रम संयोजक मोतीराम चोपड़ा और सहसंयोजक सत्यनारायण शर्मा उपस्थित रहे। सचिव देवेंद्र शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा, संघ प्रांत प्रचारक बाबूलाल शर्मा, कैबिनेट मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़, सांसद मंजू शर्मा, पूर्व सांसद रामचरण बोहरा और विधायक गोपाल शर्मा होंगे।

### सेंट एंजेला सोफिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल के शताब्दी वर्ष उत्सव 'देश रंगीला' में 22 स्कूलों ने भाग लिया

# आज शिक्षा केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं, कला, संस्कृति और मूल्य भी उसका हिस्सा

**बेधड़क** | जयपुर

सेंट एंजेला सोफिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल, घाट गेट के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में बुधवार को सांस्कृतिक महोत्सव 'देश रंगीला' का आयोजन किया गया। इस अंतर-विद्यालय सांस्कृतिक प्रतियोगिता में जयपुर के 22 प्रमुख स्कूलों के 300 से अधिक छात्रों ने भाग लिया, जिसमें रचनात्मकता, देशभक्ति और सांस्कृतिक विरासत के प्रति गहरे जुड़ाव की झलक दिखाई दी। समारोह के मुख्य अतिथि फर्स्ट इंडिया न्यूज के सीईओ एवं मैनेजिंग एडिटर पवन अरोड़ा रहे। प्राचार्या सिस्टर सिंथिया, प्रबंधक सिस्टर सुजाता, वरिष्ठ संकाय सदस्य सुनीता यादव और अंजू बहेले ने पवन अरोड़ा का स्वागत किया।

कार्यक्रम में गायन, मूकाभिनय और नृत्य प्रतियोगिताएं हुईं, जिनका मूल्यांकन सिराज अहमद भाटी, प्रियदर्शिनी मिश्रा, नीलम सक्सेना, अपर्णा बाजपेयी, निशा पारीक और मीनाक्षी चौहान ने किया। कैटेगरी 'ए' (कक्षा 3-5) के गायन में कैम्ब्रिज कोर्ट वर्ल्ड स्कूल प्रथम, कैम्ब्रिज कोर्ट हाई स्कूल द्वितीय और सीडलिंग इंटरनेशनल एकेडमी तृतीय स्थान पर रहे। कैटेगरी 'बी' (कक्षा 6-8) के मूकाभिनय में सीडलिंग पब्लिक स्कूल ने प्रथम, जयश्री पेड़ीवाल इंटरनेशनल स्कूल ने द्वितीय और डीएवी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कैटेगरी 'सी' (कक्षा 9-12) के नृत्य में सेंट एंजेला सोफिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने प्रथम, डीएवी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल ने द्वितीय और जयश्री पेड़ीवाल इंटरनेशनल स्कूल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।



पवन अरोड़ा।




देशभक्ति से ओत-प्रोत प्रस्तुति देते स्टूडेंट्स।


कैम्ब्रिज कोर्ट वर्ल्ड स्कूल के सिंगिंग में प्रथम पुरस्कार विजेताओं के साथ पवन अरोड़ा, सिस्टर सुजाता और सिंथिया।

### प्रत्येक नागरिक एक सिविल सोल्जर

समारोह में मुख्य अतिथि पवन अरोड़ा ने कहा कि यह केवल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि प्रतिभा, रचनात्मकता, मेहनत और समर्पण का उत्सव है। स्वतंत्रता दिवस से पूर्व 'देश रंगीला' देशभक्ति का सुंदर प्रतिबिंब है। आज शिक्षा केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं, बल्कि कला, संस्कृति और मूल्य भी उसका हिस्सा हैं। प्रत्येक नागरिक एक सिविल सोल्जर है, जो अनुशासन, मेहनत या नियमों के पालन के माध्यम से देश की प्रगति में योगदान देता है। सोफिया स्कूल ने हमेशा मजबूत और मूल्यों से परिपूर्ण महिलाओं का निर्माण किया है और मैं विद्यालय को उत्कृष्टता के एक शताब्दी वर्ष के लिए बधाई देता हूं। कार्यक्रम का समापन पुरस्कार वितरण और हेड गर्ल गंगा गुप्ता द्वारा आभार ज्ञापन के साथ हुआ।


सेंट एंजेला सोफिया स्कूल के डांस श्रेणी के विजेताओं के साथ पवन अरोड़ा, सिस्टर सुजाता और सिस्टर सिंथिया।

# आयुष ने प्री नेशनल के लिए किया क्वालिफाई

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान राइफल संगठन की राज्य स्तरीय 10 मीटर एयर राइफल-एयर पिस्टल शूटिंग प्रतियोगिता का आयोजन 13 अगस्त को जगतपुरा शूटिंग रेंज में शुरू हुआ। इसमें नागौर जिले से 10 मीटर एयर राइफल पीप साइड वर्ग में नागौर के आयुष सिरोही ने भाग लिया और प्री नेशनल, नॉर्थ जोन तथा ओपन स्कूल नेशनल के लिए क्वालिफाई किया। आयुष सिरोही जिला मुख्यालय के संत आनंद विहार कॉलोनी स्थित सुपर 50 शूटिंग एकेडमी नागौर में कोच मदनलाल मिर्धा के मार्गदर्शन में 10 मीटर एयर राइफल पीप साइड शूटिंग का अभ्यास कर रहे हैं। आयुष की सफलता पर डॉ. राकेश सिरोही, नागौर जिला राइफल शूटिंग संगम के अध्यक्ष यतीरान चौधरी, सचिव मिठू राम ढाका, राम प्रकाश मिर्धा, हरीश मिर्धा सहित अन्य ने प्रसन्नता व्यक्त की। फर्स्ट इंडिया न्यूज चैनल के निदेशक वीरेंद्र चौधरी ने भी खुशी जाहिर करते हुए शूटर आयुष सिरोही को बधाई दी।


आयुष सिरोही।

# श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण दुर्लभ सौभाग्य

**बेधड़क** | जयपुर

गायत्री देवी साबू की 25वीं पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में बिड़ला ऑडिटोरियम में साबू परिवार की ओर से सप्त दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ बुधवार को कलश यात्रा के साथ हुआ। कथा वाचन व्यासपीठ से पुंडरीक गोस्वामी महाराज कर रहे हैं। मुकेश साबू और कमलेश साबू ने बताया कि यह आयोजन श्रीकृष्ण जन्माष्टमी उत्सव के रूप में किया गया है। कथा के पहले दिन पुंडरीक गोस्वामी महाराज ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण दुर्लभ सौभाग्य है जिसमें भक्त, भक्ति, भगवंत और गुरु का सार समाहित है। उन्होंने कहा कि सनातन के समस्त वेद, पुराण, उपनिषद, शास्त्र का समावेश श्रीमद्भागवत में उल्लिखित है। यह कथा स्वदेश, स्वधाम और श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की भावना से हो रही है, जिसमें 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस और अगले दिन जन्माष्टमी भी सम्मिलित है। महाराज ने भक्तों से आग्रह किया कि वे कथा श्रवण से पहले मन में यह भाव रखें कि हनुमान जी उनके साथ कथा सुन रहे हैं, इससे मन एकाग्र और श्रद्धामय रहेगा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में भक्त कथा सुनने पहुंचे।





पोस्टल रजि. नं. : जयपुर सिटी/006/2023-25


# न्यूज़ बेधड़क

FIRST INDIA

सच बेधड़क

जयपुर, गुरुवार, 14 अगस्त, 2025





वर्तमान में रहें, यही पल है।
डॉ. जगदीश चंद्र,
सीएमडी एंड एडिटर इन चीफ

देशभर में जन-आंदोलन बना 'हर घर तिरंगा' अभियान

# स्वाभिमान और बलिदान की पहचान है 'तिरंगा'

**बेधड़क** | नई दिल्ली/ जयपुर

आजादी के अमृत महोत्सव के तहत देशभर में 'हर घर तिरंगा' अभियान जन आंदोलन बन गया। लोग घरों, दफ्तरों और सार्वजनिक स्थानों पर तिरंगा फहरा रहे हैं। नेताओं से लेकर आम नागरिकों तक, हर कोई इस अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहा है। 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत बुधवार को केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने अपने आवास पर तिरंगा फहराते हुए देशवासियों से 'हर घर तिरंगा' अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की है। उन्होंने कहा कि देश के हर घर में तिरंगा लहराना चाहिए, ताकि हर कोना देशभक्ति की गूंज से भर जाए। शेखावत ने लोगों से तिरंगा फहराने के साथ अपनी तस्वीरें harghartiranga.com पर अपलोड करने का भी आग्रह किया। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ झंडा लहराने का नहीं, बल्कि राष्ट्र के प्रति गर्व और एकता का संदेश देने का अवसर है। उधर, केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने बीकानेर में आयोजित तिरंगा यात्रा में सहभागिता की। उन्होंने उपस्थित विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं गणमान्य नागरिकों को तिरंगे के प्रति शौर्य, समर्पण और बलिदान को नमन करते हुए संबोधित किया। उन्होंने कहा कि यह आयोजन राष्ट्रप्रेम की भावना को सशक्त करता है, एवं युवाओं के मन-मस्तिष्क में देशभक्ति का संचार कर, स्वतंत्रता संग्राम में तिरंगे के महत्व को स्मरण कराने का भी अवसर प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि तिरंगा केवल एक ध्वज नहीं, यह भारत की आत्मा, स्वाभिमान और बलिदान की पहचान है।



बीकानेर में बुधवार को आयोजित तिरंगा यात्रा में शामिल केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल व अन्य।



अपने आवास पर तिरंगा फहराते केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत।



अपने आवास पर तिरंगा फहरातीं डिप्टी सीएम दीया कुमारी।

### दीया कुमारी ने हर घर तिरंगा अभियान में किया भागीदारी का आह्वान

**जयपुर।** उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत अपने सरकारी आवास पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर शुरू हुआ यह अभियान आज जन-जन का राष्ट्रभक्ति और एकता का प्रतीक बन चुका है। दीया कुमारी ने प्रदेशवासियों से आग्रह किया कि सभी लोग अपने घर, दुकान, कार्यालय और प्रतिष्ठानों पर गर्व से तिरंगा फहराएं। उन्होंने कहा कि तिरंगे के साथ एक सेल्फी लेकर harghartiranga.com पर अपलोड करें और इस महाअभियान को और व्यापक बनाएं।

बेधड़क FIRST

### आखिर ऐसा क्यों हुआ पूर्व केंद्रीय मंत्री के साथ?

राजनीति में छोटे से पल भी बड़े संदेश छोड़ जाते हैं। मंगलवार को बिरला सभागार में भाजपा के एक कार्यक्रम में पूर्व केंद्रीय मंत्री और किसान नेता के साथ जो हुआ, उसने यही साबित किया। कांग्रेस से बीजेपी में आए इस वरिष्ठ नेता को कार्यक्रम में मंच पर बुलाया गया। मंच संचालन कर रहे विधायक रामलाल शर्मा ने बाकायदा उनका परिचय भी कराया और उनसे पूर्व प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत भी करवाया। लेकिन इसके बाद न उन्हें मंच पर बैठने की जगह दी गई, ना ही मंच के नीचे कोई स्थान मिला। अव्यवस्था ऐसी रही कि पूर्व केंद्रीय मंत्री को कार्यक्रम के बीच में से ही चुपचाप बिरला सभागार से लौटना पड़ा। आयोजकों की यह चूक न सिर्फ सियासी चर्चा का विषय बनी, बल्कि पार्टी में समन्वय और सत्कार की कमी को भी उजागर कर गई।

### नए SP आते हैं PHQ, लेकिन कॉल ऑन नहीं करते ADG से!

राजस्थान पुलिस मुख्यालय में बुधवार को डीजीपी स्तर की बैठक के दौरान एक वरिष्ठ एडीजी ने महत्वपूर्ण मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि अधिकतर नए नियुक्त पुलिस अधीक्षक पुलिस मुख्यालय तो आते हैं, लेकिन वे सभी एडीजी से कॉल ऑन नहीं करते। एडीजी ने कहा कि कुछ चुनिंदा अधिकारियों से ही मिलकर वे लौट जाते हैं, जिससे अन्य वरिष्ठ अधिकारियों से उनका परिचय ही नहीं हो पाता। उन्होंने चेताया कि किसी बड़ी घटना के वक्त यह स्थिति भ्रम पैदा कर सकती है, क्योंकि तब तक पता ही नहीं होता कि किस जिले में कौन एसपी पदस्थापित है।

### COURTESY MEET!



डॉ. जगदीश चंद्र ने बुधवार को नई दिल्ली स्थित आवास पर गुरदासपुर से लोकसभा सांसद और कांग्रेस के राजस्थान प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा से मुलाकात की।

मुख्यमंत्री ने जल संसाधन विभाग और ऊर्जा विभाग की समीक्षा बैठक की

# राम जलसेतु लिंक प्रोजेक्ट का धरातल पर दिखे काम

- मुख्यमंत्री का जल और ऊर्जा क्षेत्र में राजस्थान को आत्मनिर्भर बनाने पर फोकस
- परियोजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग और हर 15 दिन में प्रगति रिपोर्ट भेजने के निर्देश

**बेधड़क** | जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार को पानी और बिजली के क्षेत्र में राजस्थान को आत्मनिर्भर बनाने के लिए किए जा रहे आवश्यक कार्यों की जानकारी लेने के लिए जल संसाधन विभाग और ऊर्जा विभाग की समीक्षा बैठक की। इस दौरान सीएम ने राजस्थान को आत्मनिर्भर बनाने को प्राथमिकता बताते हुए परियोजनाओं को समय पर पूरा करने और लापरवाह कार्मिकों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। सीएम भजनलाल ने बैठक में अधिकारियों को गत दो वर्षों की बजट घोषणाओं को धरातल पर उतारने, परियोजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग करने और प्रगति रिपोर्ट हर 15 दिन में मुख्यमंत्री कार्यालय को भेजने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जल की निर्बाध आपूर्ति से आमजन का जीवन सुगम होगा और नदियों का पानी व्यर्थ नहीं बहने देना सुनिश्चित किया जाए, ताकि किसानों को अधिकतम लाभ मिले। जल संसाधन की बैठक में जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत और संबंधित विभागों के उच्चाधिकारी, जबकि ऊर्जा संबंधी बैठक में ऊर्जा राज्य मंत्री हीरालाल नागर और विद्युत निगमों के उच्चाधिकारी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राम जलसेतु लिंक परियोजना राज्य सरकार की एक महत्वाकांक्षी परियोजना है। सीएम ने इसकी चरणबद्ध और योजनाबद्ध प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। अधिकारियों को कहा कि परियोजना में देरी न हो और धरातल पर काम स्पष्ट रूप से दिखे। बैठक में राणा प्रताप सागर बांध–ब्राह्मणी नदी से बीसलपुर बांध, बीसलपुर से बाणगंगा और रूपारेल नदी को जोड़ने की डीपीआर, मेज बैराज–बूंदी, डूंगरी बांध, राठौड़ बैराज, ईसरदा बांध से रामगढ़ बांध, जवाईपुरा और मोर सागर–अजमेर जैसे कार्यों की समीक्षा हुई।



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा।

### लापरवाह कार्मिकों पर हो सख्त एक्शन

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को परियोजनाएं समय पर पूरी करने, फील्ड में सक्रियता से काम करने और लापरवाह कार्मिकों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। इंदिरा गांधी नहर की चार प्राकृतिक डिप्रेशनों को जलाशयों में बदलने, भूमि अवाप्ति और फव्वारा सिंचाई पद्धति को बढ़ावा देने पर जोर दिया। परवन वृहद् परियोजना के तहत डिग्गी निर्माण, रेडियल गेट इरेक्शन, पुनर्वास और भूमि अधिग्रहण के भुगतान में तेजी लाने, धौलपुर लिफ्ट और ईसरदा पेयजल परियोजनाओं में गति लाने, कालीतीर लिफ्ट परियोजना में फॉरेस्ट क्लियरेंस और भूमि अवाप्ति शुरू करने के निर्देश दिए। सीएम ने 3,236 छोटे बांधों के प्रबंधन के लिए नरेगा से समन्वय करने, यमुना जल समझौता, अपर हाई लेवल कैनाल, देवास तृतीय–चतुर्थ, राजस्थान वाटर सेक्टर लाइवलीहुड, पूर्वी राजस्थान नहर, बांध पुनर्वास, पंप भंडारण परियोजनाओं आदि की समीक्षा की। भूमि अवाप्ति, वन–पर्यावरण स्वीकृतियों और अन्य क्लीयरेंस में तेजी लाने के आदेश भी दिए।

### 2027 तक दिन में किसानों को मिलेगी बिजली

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने ऊर्जा विभाग के अधिकारियों को योजनाबद्ध तरीके से विद्युत उत्पादन में क्रमिक और निरंतर वृद्धि करने के निर्देश दिए हैं, ताकि आने वाले वर्षों में बढ़ती आबादी को पर्याप्त और निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने कहा कि ऊर्जा क्षेत्र में राजस्थान तेजी से प्रगति कर रहा है और राज्य सरकार वर्ष 2027 तक दिन के समय में किसानों को बिजली उपलब्ध कराएगी। सीएम बुधवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में ऊर्जा विभाग की वर्ष 2025-26 की बजट घोषणाओं की समीक्षा कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने विद्युत तंत्र को सुदृढ़ बनाने, उपभोक्ताओं को बिना रुकावट बिजली उपलब्ध कराने और अक्षय ऊर्जा योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए जरूरी दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को आगामी रबी सीजन में किसानों के लिए पीक डिमांड अवधि के दौरान सुचारू बिजली आपूर्ति बनाए रखने के विशेष निर्देश दिए। साथ ही, घरेलू और औद्योगिक उपभोक्ताओं को निर्बाध और नियमित बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया।

जयपुर के सीतापुरा में 7 सितंबर से होगा आयोजन

## नए आपराधिक कानूनों पर सितंबर में सेमिनार... शाह करेंगे उद्घाटन

**बेधड़क** | जयपुर

नए आपराधिक कानूनों को लेकर जयपुर में सितंबर माह में सेमिनार और पांच दिवसीय प्रदर्शनी आयोजित की जाएगी। यह आयोजन 7 से 11 सितंबर तक सीतापुरा स्थित एक निजी कॉलेज परिसर में प्रस्तावित है। कार्यक्रम का उद्घाटन केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की उपस्थिति में किया जाएगा। इस सेमिनार और प्रदर्शनी का उद्देश्य भारतीय न्याय प्रणाली के पांच स्तंभों पुलिस, अभियोजन, न्यायपालिका, जेल प्रशासन और फोरेंसिक विभाग को नए आपराधिक कानूनों के क्रियान्वयन से होने वाले लाभों की जानकारी देना है। साथ ही पुलिस मुख्यालय ने कार्यक्रम की तैयारियां शुरू कर दी हैं।



अमित शाह।

14 कर्मियों को मिलेंगे पुलिस पदक

# एडीजी वी.के. सिंह राष्ट्रपति पुलिस पदक से होंगे सम्मानित

**बेधड़क** | जयपुर

जोधपुर में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में एटीएस-एसओजी के एडीजी वी.के. सिंह को राष्ट्रपति पुलिस पदक और 14 अन्य पुलिसकर्मियों को पुलिस पदक से सम्मानित किया जाएगा। डीजीपी राजीव शर्मा ने बताया कि बरकतुल्ला स्टेडियम, जोधपुर में आयोजित समारोह में जैसलमेर के देवाराम, सेवानिवृत्त एएसपी सीआईडी सतीश कुमार यादव, एएसपी कामां (भरतपुर) सुरेंद्र सिंह, डिप्टी कमांडेंट एसडीआरएफ दीपचंद, एएसपी पीटीएस बीकानेर दीप्ति जोशी, पुलिस निरीक्षक एटीएस कोटा जयसिंह राव, पुलिस निरीक्षक सीआईडी एसबी बांसवाड़ा मनीष चौधरी, एसआई रेंज जोधपुर हरिओम सिंह, प्लाटून कमांडर पांचवीं बटालियन आरएसी फतेह सिंह, सेवानिवृत्त एसआई भीलवाड़ा सुभाष चंद्र, हेड कांस्टेबल सीआईडी सीबी जयपुर आत्मप्रकाश, हेड कांस्टेबल पुलिस लाइन झुंझुनूं बल्लू राम, कांस्टेबल सीआईडी सीबी जयपुर सौराज सिंह मीणा, कांस्टेबल द्वितीय बटालियन आरएसी कोटा गुलजारी लाल और कांस्टेबल कार्यालय एएसपी झुंझुनूं को भी पुलिस पदक से सम्मानित किया जाएगा।



वीके सिंह।

### 90 पुलिसकर्मियों को मिलेगा राजस्थान पुलिस सेवा पदक

वहीं, राज्य सरकार ने स्वतंत्रता दिवस 2025 के अवसर पर राजस्थान पुलिस के 90 चयनित अधिकारियों और कर्मियों को राजस्थान पुलिस सेवा पदक प्रदान करने की घोषणा की है। यह सम्मान उत्कृष्ट कार्य, निष्ठा, अनुकरणीय सेवा और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में उल्लेखनीय योगदान के लिए दिया जाएगा। पदक राजस्थान पुलिस दिवस परेड में प्रदान किए जाएंगे। डीजीपी राजीव कुमार शर्मा ने बताया कि विभिन्न जिलों, इकाइयों और शाखाओं से चयनित 90 पुलिसकर्मियों को उनके साहस, अपराध नियंत्रण, जनता की सुरक्षा और दीर्घकालिक योगदान के लिए सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने सभी चयनित पुलिसकर्मियों को बधाई दी है।

सीएम की समीक्षा बैठक में तय हो गई थी रवानगी

# RGHS के पीडी की कुर्सी पर 4 साल से अंगद के पांव की तरह जमी हुई थीं शिप्रा

**राजेंद्र छाबड़ा** | बेधड़क

**जयपुर।** राजस्थान गवर्नमेंट हेल्थ स्कीम (आरजीएचएस) की प्रोजेक्ट डायरेक्टर शिप्रा विक्रम के खिलाफ मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की कड़ी कार्रवाई की व्यापक सराहना हो रही है। सीएम ने सोमवार को जब इस योजना के काम-काज का रिव्यू किया था और उस दौरान गड़बड़ियों और घोटालों का जो खुलासा हुआ था, तब ही शिप्रा विक्रम की रवानगी तय हो गई थी। फिर 24 घंटे में ही उन्हें एपीओ कर दिया गया।

जानकारों का मानना है कि वित्त विभाग से छीन कर आरजीएचएस की कमान चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग को सौंपे जाने के बड़े फैसले के बाद पहले दिन (जुलाई 2021) से इसकी सर्वेसर्वा बनीं हुई प्रोजेक्ट डायरेक्टर शिप्रा विक्रम की छुट्टी भी इस कड़ी में दूसरा बड़ा व महत्वपूर्ण फैसला है। शिप्रा इंश्योरेंस विभाग की एडिशनल डायरेक्टर लेवल की जूनियर अधिकारी हैं। विभाग के अधिकारियों की वरिष्ठता सूची में वे 16वें नंबर पर हैं। लेकिन न जाने क्यों तत्कालीन सरकार ने इस जूनियर महिला अधिकारी को करोड़ों रुपए की बजट वाली आरजीएचएस जैसी महत्वपूर्ण व महत्वाकांक्षी योजना की कमान सौंप दी। एक बार कमान हाथ में आते ही शिप्रा ने समय के साथ योजना के काम-काज पर पूरी तरह कब्जा जमा लिया। मनमाने और इकतरफा फैसलों के साथ योजना को निजी जागीर (प्राइवेट लिमिटेड कंपनी) ही मान लिया। समूची सरकार में न कोई रोकने वाला था और ना ही टोकने वाला।

आरजीएचएस पर वित्तीय वर्ष 2021-22 में 700 करोड़ रुपए खर्च हुए। यह राशि 2022-23 में तीन गुना बढ़कर 2200 करोड़ रुपए, 2023-24 में 3200 करोड़ रुपए और 2024-25 में बढ़कर 4400 करोड़ रुपए हो गई।

हैरानी की बात यह है कि राज्य बीमा विभाग, जो इस योजना को लागू कर रहा था और वित्त विभाग, दोनों के अधिकारियों ने बढ़ती खर्च राशि के कारणों की जांच के लिए कोई औपचारिक समीक्षा या ऑडिट शुरू नहीं किया। नतीजा यह रहा कि भ्रष्टाचार ने इस योजना में अपने पांव पसार लिए।

इसे संयोग मानिए या योजना का सौभाग्य कि नई भजनलाल सरकार में जब नवीन जैन (आईएएस 2001 बैच) मार्च 2024 में वित्त सचिव (व्यय) बने तो उन्होंने योजना में चार साल में हुए कुल लगभग 10 हजार 500 करोड़ रुपयों के बेहिसाब खर्चों का पहली बार ऑडिट करना शुरू किया (सच बेधड़क 5 मई 2025 को खबर प्रकाशित)। इसके बाद योजना में हो रहे घपलों, घोटालों, भ्रष्टाचार और गड़बड़ियों के खुलासों ने हर किसी को चौंका दिया। मीडिया में भी लगातार इस बाबत खबरें चलीं।

परिणाम सर्वविदित है कि मुख्यमंत्री ने दो महीने पहले आरजीएचएस की कमान वित्त विभाग से छीन कर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग को सौंप दी। अब अंततः चार साल से अंगद के पांव की तरह प्रोजेक्ट डायरेक्टर की कुर्सी पर जमी हुई शिप्रा विक्रम को भी मंगलवार को छुट्टी कर एपीओ कर दिया।

अब लाख टके का सवाल यह है कि शिप्रा के बाद कौन? गौरतलब है कि राज्य सरकार की आम जनता के स्वास्थ्य से जुड़ी आयुष्मान योजना, जिसका वार्षिक बजट 2200 करोड़ रुपए है, की कमान एक सीनियर आईएएस (वर्तमान में हरजी लाल अटल 2012 बैच आईएएस) के हाथों में है। जबकि 4400 करोड़ वाली आरजीएचएस की जिम्मेदारी बीमा विभाग की जूनियर अधिकारी के पास थी।

हरजी लाल अटल स्टेट हेल्थ एश्योरेंस एजेंसी (एसएचएए) के सीईओ हैं। उनके अधीन एडिशनल सीईओ और ज्वाइंट सीईओ की दो पोस्ट और हैं, जो वर्तमान में खाली हैं। जानकारों का सुझाव है कि उक्त दोनों खाली पदों पर सीनियर आरएएस या जूनियर आईएएस को नियुक्त कर आरजीएचएस का काम भी एसएचएए को ही सौंप देना उपयुक्त होगा। लोगों का मानना है कि सीएम के ताजा दो बड़े फैसलों के बाद आरजीएचएस की दशा-दिशा में अब आशातीत सुधार होगा।



शिप्रा विक्रम।

फर्स्ट एक्सप्रेस पब्लिशर्स के लिए मुद्रक व प्रकाशक अनिता हाड़ा सागवान द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 304-308 थर्ड फ्लोर, सिटी मॉल, भगवानदास रोड, सी-स्कीम जयपुर-302001 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, डीबी कॉर्प लि., शिवदासपुरा, टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक:** डॉ. जगदीश चंद्र, **प्रबंध संपादक:** पवन अरोड़ा, **संपादक:** मनोज माथुर*, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 **फोन नं. :** 0141-4920504 (ऑफिस), **ई-मेल:** sachbedhadakdaily@gmail.com, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।